26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 6 जुलाई, 2026
अंक- 252 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# रामनगर के रिजॉर्ट में अश्लील पार्टी का भण्डफोड़

## मेरठ का कारोबारी करा रहा था अय्याशी पकड़े 52 लोगों में 3 नहटौर निवासी



**नैनीताल/बिजनौर ( चिंगारी )।** रामनगर के एक्रोन रिजॉर्ट में शनिवार देर रात पुलिस ने देह व्यापार, शराब पार्टी और अश्लील गतिविधियों का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान 52 पुरुष और एक नाबालिग समेत 10 महिलाओं को पकड़ा गया। इस दौरान रिजॉर्ट का जनरल मैनेजर भाग गया। पुलिस ने रिजॉर्ट को सील कर दिया है। 52 लोगों के साथ ही रिजॉर्ट के जीएम के खिलाफ पॉक्सो, देह व्यापार समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। रिजॉर्ट से पकड़े गये लोगों में तीन बिजनौर जनपद के नहटौर के निवासी है।

मुख्य आरोपी मेरठ के टीपीनगर थाना क्षेत्र के मुल्ताननगर निवासी उमेंद्र है। उमेंद्र का मेरठ, बुलंदशहर सहित अन्य जगहों में कीटनाशक और कृषि उपकरणों से जुड़ा कारोबार है। पुलिस के मुताबिक उसने कई प्रदेशों और विदेशों से युवतियों को पार्टी के लिए रिसॉर्ट में बुलाया था। मेरठ से उसने आनलाइन बुकिंग कराई थी। पूछताछ में उमेंद्र ने बताया कि उसकी बुलंदशहर के सिकंदराबाद में भी कंपनी है, जो कृषि से संबंधित उपकरण बनाती है। वह कंपनी से जुड़े लोगों को नैनीताल में मनोरंजन के उद्देश्य से लेकर गया था।

शेष पृष्ठ 4 पर

## जो पाप से जुड़ा है उसे सजा दिलाएंगे- महंत नृत्य गोपाल दास

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। चंपत राय पर फैसला आने से पहले राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष नृत्यगोपाल दास ने कहा कि जो पाप से जुड़ा है, उसे सजा दिलाएंगे। मैं राम मंदिर में दान चोरी से आहत हूं। ये करोड़ों हिंदुओं की आस्था का सवाल है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी पर मुझे पूरा भरोसा है।

**Required**

A Competitive female home tutor for english medium class 6th student all subjects.

**Contact mob.no : 8394942102**

DR. GEET
Dental Surgeon & Implantologist
Ex. Resident Sarvodaya Hospital, Gaur City Greater Noida
आज ही अपॉइंटमेंट बुक करें और अपनी मुस्कान को स्वस्थ बनाएं!
हमारी सेवाएं :-
- दांतों की जांच एवं परामर्श
- दांतों की सफाई (स्केलिंग)
- कैविटी (कीड़ा) का इलाज एवं फिलिंग
- रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT)
- दांत निकालना (Extraction)
- कृत्रिम दांत (Dentures)
- दांतों की कैप एवं ब्रिज
- बच्चों के दांतों का उपचार
- टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज (Braces)
- दांतों की चमक बढ़ाने का उपचार (Teeth Whitening)

समय
प्रातः 9:30 से दोपहर 2:00 बजे तक
सायं 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक
सोमवार : सायं 5 बजे से 8 बजे तक
!! FREE OPD !!
पता : श्री गोपाल हॉस्पिटल, निकट स्वंयवर बैंकट हॉल, बिजनौर
Mob : +91-8439515803, 01342-263163

आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश

KUNWAR SATYAVIRA COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
27 years of Excellence
Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH. (BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
Artificial Intelligence & Machine Learning
Data Science & Inrenet of Things (IoT)
Green Technology & Sustainability Engineering
Robotics & Electric Vehicles
M.B.A. (FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations
PRANAV MALIK
B.TECH (CSE) Batch 2022-2026
PLACED IN tcs TATA CONSULTANCY SERVICES
PACKAGE LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES
CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE
इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती
डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# नहटौर के मूल निवासियों का शिकागो में हुआ भव्य मिलन समारोह

**नहटौर ( चिंगारी )**। ऐतिहासिक कस्बे नहटौर के मूल निवासियों और जैदी परिवार के सदस्यों का एक भव्य मिलन समारोह हाल ही में शिकागो (अमेरिका) के 'सिग्नेचर बैंक्वेट्स' में अत्यंत धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में नहटौर से संबंध रखने वाले 200 से अधिक लोग शामिल हुए, जो वर्तमान में अमेरिका के विभिन्न राज्यों और कनाडा से यहां एकत्रित हुए थे।

इस गौरवपूर्ण कार्यक्रम की मुख्य आयोजक अमेरिका की सुप्रसिद्ध कार्डियो सर्जन डॉ. सोहेला अली (मुशर्रफ) थीं। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य मैरीलैंड और शिकागो में रहने वाले परिवारजनों के बीच आपसी संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करना था। डॉ. सोहेला ने निमंत्रण के दौरान अपनी इच्छा व्यक्त की थी कि नई पीढ़ी के परिवार एक-दूसरे को जानें, समझें और अपनी साझा अनमोल विरासत से जुड़ाव महसूस करें। समारोह के दौरान कई विशेष और भावुक कर देने वाले सत्र आयोजित किए गए। इनमें डॉ. सोहेला अली द्वारा विशेष रूप से तैयार किया गया परिवार का विस्तृत वंश-वृक्ष (शजरा) सभी के साथ साझा किया गया। इससे नई पीढ़ी को अपने पूर्वजों और सैयद हसन नहटौरी जैसी महान ऐतिहासिक शख्सियतों से अपने पारिवारिक संबंधों की गहरी जानकारी मिली। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में नहटौर के पुराने और वर्तमान स्वरूप की चुनिंदा तस्वीरों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जो आकर्षण का केंद्र रही। इस अनूठे आयोजन ने सात समंदर पार रह रहे नहटौर के प्रवासियों को एक मंच पर लाकर यह साबित कर दिया कि भौगोलिक दूरियां मूल स्थान, मिट्टी और अपनी संस्कृति के प्रति प्रेम को कभी कम नहीं कर सकतीं। समारोह में शामिल सभी परिवारों ने डॉ. सोहेला अली के इस अभूतपूर्व प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी नहटौर में रह रहे जैदी परिवार से जुड़े जमशेद जैदी ने दी।



### भौगोलिक दूरियों पर भारी पड़ा मातृभूमि का प्रेम

इस भव्य मिलन समारोह ने यह साबित कर दिया कि भले ही लोग रोजगार या भविष्य के लिए सात समंदर पार जाकर बस गए हों, लेकिन अपनी मिट्टी, संस्कृति और अपनों के प्रति प्रेम कभी कम नहीं होता। कार्यक्रम में शामिल सभी प्रवासियों ने इस बात पर जोर दिया कि वे दुनिया के किसी भी कौने में रहें, उनकी जड़ें हमेशा नहटौर से जुड़ी रहेंगी।

### नहटौर में भी खुशी की लहर

शिकागो में हुए इस ऐतिहासिक आयोजन की जानकारी जैसे ही स्थानीय स्तर पर मिली, यहां रह रहे जैदी परिवार और कस्बे के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि विदेशों में रह रहे हमारे भाई-बहनों द्वारा नहटौर की विरासत को इस तरह संजोना और नई पीढ़ी को उससे जोड़ना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

## महिला से गैंगरेप में तीन आरोपी गिरफ्तार, चौथा अभी फ़रार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। थाना पुलिस ने क्षेत्र में महिला से सामूहिक दुष्कर्म, नाबालिग से अश्लील हरकत व जान से मारने की धमकी के मामले में मुख्य आरोपी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि इस मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। नजीबाबाद पुलिस के अनुसार 25 जून को थाना पर एक महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव कल्हेड़ी निवासी मुर्तजा, सुहैल, धनौरा निवासी जैद तथा नारायणपुर निवासी बॉबी ने उसके साथ गलत कार्य किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी, उसकी नाबालिग पुत्री के साथ भी अश्लील हरकतें कीं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। रविवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मुर्तजा, सुहैल व जैद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। जबकि चौथे आरोपी बाबी की तलाश जारी है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि आरोपी सुहैल के खिलाफ पहले से आर्म्स एक्ट, चोरी, लूट सहित कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।**

## अंबेडकर पार्क समिति की बैठक में पेश किया आय-व्यय का ब्यौरा

**नगीना ( चिंगारी )**। स्टेशन रोड स्थित अंबेडकर पार्क समिति ने समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 14 अप्रैल 2026 में आयोजित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा के आय एवं व्यय का लेखा-जोखा रखा गया। बैठक में समिति महासचिव रोहित कुमार रवि ने शोभायात्रा के संबंध में सभी स्त्रोतों से हुई आय एवं खर्च का ब्यौरा समिति के सदस्यों के समक्ष पढ़कर सुनाया एवं शेष बची धनराशि को कोषाध्यक्ष को सौंप दी। शोभायात्रा के सफल आयोजन पर पूर्व विधायक सतीश गौतम एवं एड. बलराम सिंह, दीपक कुमार ने समिति के अध्यक्ष सुगम चंद, महासचिव एड. रोहित कुमार रवि एवं सदस्यों को बधाई दी। इस मौके पर पूर्व विधायक सतीश गौतम, सुगम चंद, प्रधानाचार्य वीर सिंह ,नरदेव सिंह, लवकुश कुमार, राजकुमार सिंह, संजय कुमार, दीपक कुमार, रविकांत एड., अमूल नंदा, ज्ञान सिंह, राज आयुष, राज बेलवाल, राजन कुमार आदि मौजूद रहे।



## लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। मंडावली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने 24 जून को मंडावली थाने में तहरीर देकर अपनी पुत्री को एक युवक के द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने की बात कही थी। पुलिस के द्वारा तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उपनिरीक्षक गौरव कुमार, कांस्टेबल धर्मेंद्र के द्वारा मुकदमे में वांछित अभियुक्त पुलकित पुत्र रामकिशन निवासी सिकरोड़ा को गिरफ्तार कर उसका चालान किया गया है।**

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
ATHER
आज ही लायें एथर स्कूटर



इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# कांवड़ यात्रा के दौरान कठिन परीक्षा से गुजरता है बिजनौर प्रशासन

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बीते कुछ वर्षों में श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं का रुझान बहुत ज्यादा बढ़ा है। कांवड़ियों के भारी संख्या में आने के कारण कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराना बिजनौर के प्रशासन के लिये भी बड़ी परीक्षा से गुजरने के समान होता है।


फाइल

वर्तमान में आषाढ़ का महीना चल रहा है, जो कि एक जुलाई से आरम्भ हुआ है। श्रावण मास की शुरुआत 30 जुलाई से होगी। श्रावण मास भगवान शिव की भक्ति के लिये विशेष मास बताया गया है। श्रावण मास शुरू होते ही कांवड़ यात्रा भी शुरू हो जाती है। श्रावण मास की शिवरात्रि 11 अगस्त (दिन मंगलवार) को मनाई जायेगी। श्रावण मास का पहला सोमवार 3 अगस्त को, दूसरा 10 अगस्त को, तीसरा 17 अगस्त को तथा चौथा सोमवार 24 अगस्त को पड़ेगा। कांवड़ यात्रा तो चलती ही है, श्रावण के प्रत्येक सोमवार को गांव-गांव शिवालयों में शिवभक्तों की भारी भीड़ भी उमड़ती है। श्रावण मास का समापन 28 अगस्त को होगा।

पिछले 9-10 वर्षों में इस कांवड़ यात्रा में आने वाले कांवड़ियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। मंडावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत भागूवाला बाईपास रोड पर पड़ने वाले मोटा महादेव मंदिर पर कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ती है। हरिद्वार से आने वाले कांवड़िये मोटामहादेव मंदिर पर रुककर जलाभिषेक जरूर करते हैं। यहां रुककर वे विश्राम भी करते हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान मोटा महादेव मंदिर ही जनपद के लिये अस्थायी कंट्रोल रूम बनता है, जबकि नांगल क्षेत्र से कांवड़ियों के वाहन भारी संख्या में गुजरते हैं। रूट डायवर्ट हो जाने पर बिजनौर से हरिद्वार जाने वाले सारे बड़े वाहन नांगल क्षेत्र से ही गुजरते हैं।

## बिजनौर जनपद के श्रद्धालु फाल्गुन में लाते हैं कांवड़

**पहले बिजनौर जिले के कांवड़िये श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ लेने नहीं जाते थे। बिजनौर जिले के कांवड़िये फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि पर ही कांवड़ लेने के लिये हरिद्वार जाते थे। लेकिन जबसे श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं के रुझान में भारी बढ़ोतरी हुई है, तबसे बिजनौर जिले के कांवड़िये भी श्रावण मास में कांवड़ लाने लगे हैं। हालांकि बिजनौर जिले के अधिकांश कांवड़िये अभी भी फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि पर ही कांवड़ लेने जाते हैं। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा में मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली, गाजियाबाद, बागपत, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अमरोहा, हरियाणा, दिल्ली, बरेली, बदायूं के कांवड़ियों की भरमार रहती है।**

# शेख सुलेमान को राज्यसभा या विधान परिषद में भेजा जाये- शमशाद रशीद

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शमशाद रशीद माहीगीर ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शेख सुलेमान को राज्यसभा या विधान परिषद में सदस्य नामित किये जाने की मांग सपा हाईकमान से की है। एक बयान में शमशाद रशीद ने कहा कि शेख सुलेमान पिछले तीन दशकों से राजनीतिक तौर पर जनता और समाजवादी पार्टी की सेवा करते चले आ रहे हैं।


शेख सुलेमान

उन्होंने मान्यवर कांशीराम से लेकर नेताजी मुलायम सिंह यादव सहित अनेक बड़े नेताओं के साथ काम किया। उनको राजनीति का बहुत अनुभव है। वह हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक हैं। उन्होंने विधायक तथा राज्य अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन के रूप में उल्लेखनीय सेवाएं दी हैं। उनका चरित्र पूरी तरह बेदाग है। साथ ही उनकी सादगी, विनम्रता और व्यवहार कुशलता सभी को आकर्षित करती है। शमशाद रशीद ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से मांग है कि शेख सुलेमान को राज्यसभा या विधान परिषद भेजा जाए, जिससे उनके अनुभव का लाभ पार्टी के साथ-साथ जनता को भी मिल सके।

# डीजल-पेट्रोल की कीमतें कम की जायें!



**बिजनौर ( चिंगारी )।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा, जिसमें पेट्रोल, डीजल तथा घरेलू व कमर्शियल एलपीजी गैस की कीमतों में कमी, उत्तर प्रदेश में बिजली के बिलों पर लगाये गये 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार को वापस लेने तथा बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि बढ़ती महंगाई का सबसे अधिक प्रभाव मध्यम वर्ग, निम्न आय वर्ग, छोटे व्यापारियों, लघु उद्योगों तथा आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में कमी को देखते हुए डीजल व पेट्रोल की कीमतें कम की जानी चाहिएं। घरेलू एलपीजी पर पर्याप्त सब्सिडी बहाल कर आम जनता को राहत दी जाये।

**उद्योग व्यापार मंडल ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम कम किये जायें ताकि छोटे दुकानदारों, होटल व्यवसाय और लघु उद्योग को राहत मिले। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष मनोज कुच्छल, जिला महामंत्री मुनीश त्यागी, प्रांतीय संगठन बीएस राजपूत, जिला प्रभारी दिलशाद खान, जिला उपाध्यक्ष गुलाम साबिर, नगर महामंत्री अरविंद पाल सिंह के अलावा मानव सचदेवा, गजेन्द्र चौहान, चिराग सेठी, मो. शाहरूख, डा. जमीरुददीन उस्मानी, शमशाद गामा शामिल रहे।



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## भारतीय परम्परा और विचार भिन्नता

आजादी के समय और बाद में धार्मिक उन्माद और साम्प्रदायिक तनाव के चलते विकास का कितना नुकसान हुआ, इंसानियत का कितना सिर नीचा हुआ, यह किसी से छिपा नहीं है। इसलिये धर्म का नेतृत्व पूरी तरह से संत समाज ही अपने हाथ में ले, विचार-विनिमय करे और हो सके तो अन्य धर्मों के ईमानदार प्रतिनिधियों के साथ भी विमर्श का सिलसिला शुरू हो। धार्मिक स्थलों को मौकापरस्त लोगों को अपने हाथ में न लेने दिया जाये, यह समय की सर्वाधिक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को हम अपनी आंखों से देख ही रहे हैं। यह प्रकरण बहुत हद तक धर्म के राजनीतिकरण का भी परिणाम है।

भारतीय परम्परा हमेशा से विचारों के खुलेपन की रही है और उसमें कभी विचारों को दबाया नहीं गया। यहां तक कि हिन्दू परम्परा जिस 'सत्य' को सर्वोच्च मानती है, उसकी खोज ही उसका मूलभूत लक्ष्य है। पीढ़ियों से चली आ रही यह खोज यात्रा आज भी निरंतर जारी है, और इसीलिए हिन्दू धर्म को संक्षेप में 'सत्य की खोज' का मार्ग भी माना जाता है। यह परिभाषा अनादिकाल से चली आ रही है और आज भी गतिशील है। इसी के चलते अनेकानेक मत-मतान्तर और सम्प्रदाय विकसित हुए। यहां तक कि ईश्वर के अस्तित्व से लेकर उसके आकार और ब्रह्माण्ड के निर्माण पर भी विचार-मंथन की कभी कमी नहीं रही। आदि शंकराचार्य और मंडन मिश्र का शास्त्रार्थ भी काफी चर्चित रहा है। ऐसे शास्त्रार्थों की भारतीय परम्परा में भरी-पूरी परम्परा है। इसके बावजूद किस कालखण्ड में कैसे यह परम्परा लुप्त हो गई, कैसे सिर्फ गिने-चुने आख्यानों को ही अंतिम मान लिया गया और उनके सम्बन्ध में जिज्ञासा व्यक्त को भी धर्म विरोधी माना गया, इस पर भी विचार किया जाना जरूरी है। विभिन्न तीर्थ स्थलों पर जाने वाले लोगों व माघी/स्नान कुम्भ जैसे महान आयोजन इस महान परम्परा को यदि पुनर्जीवित करे तो भारतीय संस्कृति की संरक्षा के सन्दर्भ में इससे बेहतर और कुछ नहीं हो सकता। इसी तरह, गंगा और यमुना जैसी नदियों को वास्तविक अर्थों में प्रदूषण मुक्त करने के ईमानदार संकल्प भी ऐसे महान अवसरों पर लिये जा सकते हैं।

# शुगर मिल की गर्म राख ने ली एक और मासूम की जान, इलाज के दौरान रिहान की भी मौत

## साहिल और उज़ैद की हालत अब भी गंभीर

**बिजनौर (चिंगारी)। नूरपुर रोड स्थित चक्कर चौराहे के पास सड़क किनारे पड़ी शुगर मिल की गर्म राख में झुलसे पांच बच्चों में से एक और बच्चे रिहान (13 वर्ष) पुत्र इमरान की उपचार के दौरान देहरादून में मौत हो गई। इससे पहले इसी हादसे में गंभीर रूप से झुलसे शाद (13 वर्ष) पुत्र दिलशाद ने गत 24 जून को मेरठ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। रिहान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।**



रिहान का फाइल फोटो।

गौरतलब है कि गत एक मई को स्थानीय मोहल्ला लडापुरा के छह-सात बच्चे नूरपुर रोड स्थित चक्कर चौराहे के पास एक बाग में आम खाने गए थे। खेलते-खेलते बच्चे सड़क के किनारे पड़ी गर्म राख की चपेट में आ गये थे। जिससे शाद (13 वर्ष) पुत्र दिलशाद, उज़ैद (12 वर्ष) पुत्र रशीद, रिहान (13 वर्ष) पुत्र इमरान, साहिल (12 वर्ष) पुत्र वसीम तथा बिलाल (12 वर्ष) पुत्र निसार बुरी तरह झुलस गए थे। घटना से परिजनों व प्रशासन में हड़कंप मच गया था। झुलसे बच्चों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने शुगर मिल बिजनौर और संबंधित बाग स्वामी को नोटिस जारी किए थे। सदर विधायक सुचि चौधरी के पति एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मौसम चौधरी ने अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों के बच्चों का समुचित उपचार करने के निर्देश दिये थे। इसके साथ ही मौसम चौधरी ने पीड़ित परिवारों को राहत देते हुए प्रत्येक घायल बच्चे के उपचार के लिए 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की थी।

### नहीं हो सका बच्चों का बेहतर इलाज

पीड़ित परिवारों की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण बच्चों का किसी बड़े एवं विशेषज्ञ अस्पताल में उपचार नहीं हो सका। हालांकि एसडीएम सदर रितु चौधरी लगातार प्रयास करती रहीं कि दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार कराया जाये। परिजन कभी एक अस्पताल तो कभी दूसरे अस्पताल में बच्चों का इलाज कराते रहे। इसी बीच शाद की हालत लगातार बिगड़ती गई और 24 जून को मेरठ मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई। शाद की मौत के बाद रिहान, उज़ैद और साहिल की हालत को लेकर परिजनों की चिंता और बढ़ गई थी।

### प्रशासन ने भर्ती कराया

प्रशासन ने शाद की मौत के बाद अन्य गंभीर रूप से झुलसे बच्चों को मेरठ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं होने पर रिहान के परिजन उसे एक जुलाई को वापस बिजनौर ले आए। पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे दिल्ली, फिर ऋषिकेश और अंततः देहरादून ले जाया गया, जहां आज सुबह उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रिहान की मौत से परिवार में मातम पसर गया। वह चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। दूसरी ओर, साहिल और उज़ैद का उपचार अभी भी जारी है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं बिलाल की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### घर पहुंची पुलिस, परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इनकार

रिहान का शव घर पहुंचने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया। शहर कोतवाल अवनीत मान ने बताया कि पुलिस परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए समझाने का प्रयास कर रही है, लेकिन वे इसके लिए तैयार नहीं हैं।

### जन्मदिन पर ही थम गई सांसें

इस दर्दनाक घटना का एक दुखद पहलू यह रहा कि आज रिहान का जन्मदिन था। यानी जन्मदिन पर ही रिहान ने अंतिम सांस ली। जिस घर में जन्मदिन की खुशियां मनायी जानी थीं, वहां मातम पसरा है। परिजन दहाड़ें मारकर रो रहे हैं। पड़ोसी भी गमगीन हैं।

### बेहतर इलाज के लिए लगातार हुए प्रयास

**भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी तथा जिला प्रशासन ने बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए। कई स्तरों पर पहल भी हुई, लेकिन विभिन्न कारणों से बच्चों का किसी बड़े चिकित्सा संस्थान में नियमित और उच्चस्तरीय उपचार सुनिश्चित नहीं हो सका।**

### परिजनों ने पहले ही कार्रवाई से किया था इनकार

घटना के कुछ समय बाद बच्चों के परिजनों ने एसडीएम सदर को लिखित बयान देकर बताया था कि बच्चे नादानी में घूमते हुए उस स्थान पर पहुंच गए थे और उन्हें वहां गर्म राख पड़े होने की जानकारी नहीं थी। परिजनों ने यह भी स्पष्ट किया था कि वे मिल प्रबंधन के विरुद्ध किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं करना चाहते।

### सुरक्षा व्यवस्था पर फिर उठे सवाल

**इस हादसे में अब तक दो मासूम बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि दो अन्य बच्चे अब भी जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर सार्वजनिक स्थानों पर खतरनाक औद्योगिक अवशेषों के सुरक्षित निस्तारण और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल है कि आखिर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी सुरक्षा इंतजाम कब किए जाएंगे। फिलहाल दो परिवारों की खुशियां उजड़ चुकी हैं, जबकि अन्य परिवार अपने बच्चों के स्वस्थ होकर घर लौटने की दुआएं कर रहे हैं।**

# कारोबारी ने किया था शराब और शबाब का इंतजाम

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

**नैनीताल/बिजनौर (चिंगारी)।** मेरठ निवासी पेस्ट्रीसाइडस व्यवसायी उमेन्द्र ने दस दिन पहले रामनगर आकर एक्रोन रिसार्ट में दो लाख 20 हजार रुपये भी जमा कराए थे। उमेंद्र ने बताया कि कंपनी से जुड़े लोगों के मनोरंजन के लिए पार्टी आयोजित की गई थी। रिजॉर्ट के जीएम लखेंद्र चौधरी से संपर्क कर शराब, युवतियों और 'अतिरिक्त सेवाओं' की व्यवस्था करने की बात कही थी। पुलिस के मुताबिक युवतियों की व्यवस्था कंपनी के कर्मचारी राहुल गुप्ता उर्फ सन्नी के माध्यम से प्रति युवती 10 हजार रुपये में कराई गई थी।

### महिलाओं पर उड़ाए जा रहे थे नोट

देर रात एक सूचना पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, एसओजी और रामनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने एक्रोन रिजॉर्ट पर छापा मारा। यहां बाहरी राज्यों और विदेश से आईं 10 महिलाओं के साथ यूपी और दिल्ली से आए लोग बिना अनुमति शराब पार्टी करते मिले। डांस करतीं महिलाओं पर नोट उड़ाने के साथ ही अश्लील हरकतें की जा रही थीं। इनमें एक किशोरी भी शामिल थी। पुलिस ने सभी 52 आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। रिजॉर्ट के जीएम समेत सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 143, अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम की धारा 3, 5 व 6, पॉक्सो अधिनियम की धारा 14, आबकारी अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### तीन आरोपी नहटौर के

गिरफ्तार लोगों में तीन बिजनौर जनपद के नहटौर क्षेत्र के निवासी हैं, जिनमें आलोक कुमार निवासी ग्राम इस्लामपुर पो. अखेड़ा थाना नहटौर, देशराज ग्राम अलीदासपुर मुबारक तथा सुनील कुमार निवासी बैरमनगर रोडवेज बस अड्डा के पीछे नहटौर जिला बिजनौर शामिल हैं। सभी गिरफ्तार लोगों को जेल भेज दिया गया है।

### रजिस्टर में एंट्री के बिना हो रही थी पार्टी

**पुलिस ने रिजॉर्ट के एंट्री रजिस्टर की जांच की। जांच के दौरान पता चला की रिजॉर्ट स्टाफ ने किसी भी व्यक्ति की रजिस्टर में एंट्री नहीं की। इस पर रिजॉर्ट को सील करने की कार्रवाई की गई है। पुलिस की कार्रवाई के दौरान तीन पेटी शराब, एक पेटी बीयर, दस-दस रुपये के नकली नोटों की 24 गड्डियां, एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, म्यूजिक सिस्टम, साउंड बॉक्स और आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई।**

# असली हीरो फिल्मों में नहीं, गलियों में मिलते हैं

-राशिद मलिक


## हाजी कबीर अहमद, पानी के टैंकर वाले!

### हमारी गली में..

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** बढ़ापुर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अगर आपको कहीं शादी का टेंट लगा दिख जाए, मंदिर पर भंडारा चलता दिख जाए, गुरुद्वारे पर लंगर छकाया जाता दिख जाए या फिर किसी मदरसे में जलसा होता दिख जाए, तब आपको इन सब स्थानों पर एक समानता जरूर दिखाई पड़ेगी। समानता सिर्फ एक वस्तु की है जो आपको हर जगह नजर आएगी। यह कोई पहेली नहीं और न ही कोई कहानी है। जिस समानता कि यहां बात हो रही है वह कॉमन वस्तु पीने के पानी का एक साधारण टैंकर है। मगर इसके पीछे सेवा के जज्बे की दिल को छू लेने वाली एक बेहतरीन दास्तान है।


### दास्तान पानी के टैंकर की

नगर के मुहल्ला लालसराय की एक तंग गली में हाजी कबीर अहमद (66वर्ष) रहते हैं। इनका आवास जरूर तंग गली में बना है, मगर इनका दिल बहुत बड़ा है। हाजी कबीर अहमद किसान होने के साथ एक ईंट भट्ठा भी चलाते हैं, इसलिए क्षेत्र में वह भट्टे वालों के नाम से जाने जाते हैं। यह शख्स बीते 25 वर्षों से कैमरे की नजर से दूर रहकर हर धर्म के शादी-ब्याह व धार्मिक कार्यक्रमों में पानी के टैंकर अपने ही ट्रैक्टर से नि:शुल्क पहुंचाते हैं और अपने ही ट्रैक्टर से खाली टैंकर वापस मंगाते हैं। इसलिए शादी-ब्याह से लेकर हर जात, धर्म के धार्मिक कार्यक्रमों में हाजी कबीर अहमद का पीने के पानी का टैंकर जरूर खड़ा दिख जाएगा। हाजी जी की इस निस्वार्थ सेवा से बढ़ापुर क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजकों को पानी की कोई टेंशन नहीं होती है।



### सेवा की यह भावना कैसी जगी ?

क्षेत्र में नि:शुल्क पानी के टैंकर पहुंचाने वाले हाजी कबीर अहमद बताते हैं कि साल 2000 में उन्होंने नगर पंचायत बढ़ापुर से अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा था। चुनाव लड़ने के पीछे का मकसद सेवा करना था। चुनाव में मतदाताओं ने उन्हें इस लायक नहीं समझा, चुनाव हार गए। तब उनके सामने सवाल यह था कि सेवा कैसे की जाए ? तब उन्हें सेवा का एक आइडिया आया था चुनाव हारने वाले वर्ष में ही उन्होंने एक ट्रैक्टर के साथ ही 5 हजार और 3 हजार लीटर वाले पानी के दो नये टैंकर तथा एक जनरेटर खरीदा। और बस तब से केवल बढ़ापुर नगर ही नहीं, बल्कि पूरे ग्रामीण क्षेत्र में शादी-ब्याह से लेकर धार्मिक आयोजनों में नि:शुल्क पानी के टैंकर पहुंचाते आ रहे हैं। पानी के रूप में शुरू की गई उनकी इस सेवा को अब 25 वर्ष हो गए हैं। वह कहते हैं सेवा आज भी जारी है और जब तक शरीर में सांसें चलती रहेंगी यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा। ढाई दशक पहले जब उन्होंने यह कार्य शुरू किया था, तब कुछ लोगों ने कहा था पानी के टैंकर आगामी चुनाव जीतने के लिए एक प्रलोभन है। उन लोगों की यह बात सुनते ही उन्होंने नगर पंचायत की वोटर लिस्ट से अपना वोट कैंसिल कराकर अपने खेत ग्राम पंचायत रामजीवाला की वोटर लिस्ट में दर्ज कर लिया था।



हाजी कबीर अहमद

### हर साल 200 टैंकरों की सप्लाई

टैंकर बुकिंग के रजिस्टर के अनुसार प्रत्येक साल औसतन 200 पानी के टैंकरों की सप्लाई होती है। इस हिसाब से 25 वर्षों में 5 हजार पानी के टैंकरों से 3 करोड़ लीटर से अधिक पीने का पानी वितरित कर चुके हैं। हाजी कबीर अहमद बीते 25 वर्षों में करीब 4 हजार विवाह समारोह व एक हजार भंडारे लंगर तथा जलसों में 5 हजार पानी के टैंकर पहुंचा चुके हैं। डीजल व ड्राइवर का खर्चा सेवा की इस मद पर खर्च होने का उन्होंने कभी कोई हिसाब नहीं जोड़ा है। इस संबंध में हाजी कबीर अहमद कहते हैं कि पानी पिलाना एक इबादत भी है इसलिए इस पर होने वाले खर्च का उन्होंने कभी हिसाब नहीं लगाया है।

टैंकर बुक करने व पहुंचाने का तरीका यह है क्षेत्र के लोग उनके आवास के अलावा उनके तथा उनके मुंशी के फोन नंबर पर कॉल कर टैंकर बुक करते हैं। बुकिंग होने के बाद निर्धारित तिथि और समय पर टैंकर उनके घर पहुंच जाता है। हाजी कबीर अहमद बताते हैं कि कई बार ऐसा भी हुआ कि एक ही दिन में उनके तथा उनके मुंशी के नंबर पर अगर दो टैंकरों से अधिक बुकिंग हो गई तब ऐसी स्थिति में नगर पंचायत के टैंकर को अपने खर्च से उन्होंने बुक करने वाले व्यक्ति के घर पहुंचाया है।

### गली और गांव वाले क्या बोलते हैं ?

**क्षेत्रवासी कहते हैं हाजी कबीर अहमद रील वाले नहीं, बल्कि रियल वाले समाज सेवी हैं। उनका कार्य बहुत सराहनीय और प्रेरणादायक है। अपने इस कार्य से वह पानी के टैंकर के रूप में क्षेत्र के लोगों की दुआएं बंटोर रहे हैं।**




**पाठकों से सवाल**
**समाज सेवा के लिए कैमरा जरूरी है या काम ?**
**अपनी राय 9719540585 व्हाट्सएप नंबर पर भेजिए।**

## प्यास बुझाने के साथ बढ़ रहा प्रदूषण

अपने शहर में...

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गर्मी बढ़ने के साथ ही अनेक समाजसेवी, व्यापारी और धार्मिक संगठन विभिन्न स्थानों पर ठंडे पानी के स्टाल लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाने का काम करते हैं। भीषण गर्मी में लोगों को नि:शुल्क पानी पिलाना निस्संदेह एक पुण्य और मानवता की सेवा का कार्य है, जिसकी सभी लोग प्रशंसा करते हैं।

हालांकि, कई स्थानों पर पानी पिलाने के बाद उपयोग किए गए प्लास्टिक के गिलास सड़कों और आसपास के क्षेत्रों में ही छोड़ दिए जाते हैं, जिससे गंदगी फैल रही है। इससे न केवल सड़कों की स्वच्छता प्रभावित हो रही है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि सड़कों पर घूमने वाले निराश्रित पशु इन प्लास्टिक गिलासों को खाने लगते हैं, जिससे उनके बीमार होने और जान पर खतरा पैदा होने की आशंका रहती है। प्लास्टिक कचरा लंबे समय तक नष्ट नहीं होता और पर्यावरण प्रदूषण का बड़ा कारण बनता है।



### सड़कों पर फेंके जा रहे प्लास्टिक गिलास

जागरूक नागरिकों मनोज कुमार, सचिन पाल, पुष्पेंद्र सिंह, भूपेंद्र, पीतम सैनी, वीरेंद्र सैनी, सौरभ वर्मा ने कहा कि पानी पिलाना एक पुण्य कार्य है। उन्होंने पानी के स्टाल लगाने वालों से अपील की है कि वे प्लास्टिक गिलासों के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाएं तथा उपयोग किए गए गिलासों के निस्तारण के लिए डस्टबिन की व्यवस्था अवश्य करें। सेवा के साथ स्वच्छता का संदेश भी जुड़ा होना चाहिए, तभी यह पुण्य कार्य समाज और पर्यावरण दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

-मुकुल पाल

# चम्पावत को मिली 65.95 करोड़ की सौगात

## सीएम धामी ने किया बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं का शिलान्यास

**देहरादून/चम्पावत ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के बूमघाट में 65.95 करोड़ की दो महत्वपूर्ण बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शारदा तटबंध केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य और क्षेत्र के समग्र विकास की मजबूत नींव है।

मुख्यमंत्री ने 60.21 करोड़ की लागत से बूम से टनकपुर तक शारदा नदी के तट पर बाढ़ सुरक्षा तटबंध निर्माण कार्य तथा 5.74 करोड़ की लागत से पूर्णागिरी तहसील के ग्राम छीनीगोठ की सुरक्षा के लिए हुड्डी नदी पर बाढ़ सुरक्षा दीवार निर्माण परियोजना का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का पारंपरिक कुमाऊंनी रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया। स्थानीय स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और क्षेत्रवासियों ने टीका, पटका, कुमाऊंनी टोपी, पुष्पवर्षा और छोलिया नृत्य के माध्यम से उनका अभिनंदन किया। शिलान्यास कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने शारदा नदी पर चल रहे



बाढ़ सुरक्षा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ परियोजनाएं पूरी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंदिर प्रबंधन समितियों, पूर्व सैनिकों, व्यापार मंडल, किसान संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न सामाजिक वर्गों के प्रतिनिधियों से संवाद भी किया। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत लगाए गए कृषि, उद्यान, पशुपालन, डेयरी, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, समाज कल्याण और एनआरएलएम विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली।

महिला स्वयं सहायता समूह के स्टॉल पर मुख्यमंत्री ने स्थानीय महिलाओं के साथ पारंपरिक तरीके से रोटी और चटनी भी तैयार की। वहीं स्वास्थ्य शिविर में उन्होंने निक्षय योजना के तहत पांच लाभार्थियों को पोषण किट वितरित की।

# वृक्षारोपण ही है बढ़ते प्रदूषण का प्रमुख विकल्प : पूनम चौहान



### एसबीडी महिला विद्यालय परिसर में रोपे गये पौधे

**धामपुर ( चिंगारी )।** एस.बी.डी. महिला महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में महाविद्यालय की छात्राओं, प्राध्यापिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने परिसर में औषधीय पौधा रोपित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, कि वृक्ष प्रकृति का अनमोल उपहार हैं और हमारे जीवन का आधार हैं। आज के समय में बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र प्रभावी विकल्प है। हमारा कर्तव्य केवल पौधा लगाना नहीं, बल्कि उसे एक मां की तरह सींचकर बड़ा करना भी है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर, खेल मैदान, वाटिकाओं, एवं निजी क्षेत्र में नीम, तुलसी, पीपल, जामुन बकैन, अमरूद और आंवले जैसे छायादार, फलदार व औषधीय पौधे रोपे गए। छात्राओं ने अपनी पढ़ाई पूरी होने तक उन पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनों को सिंगल-यूज प्लास्टिक का त्याग करने और परिसर को ग्रीन कैंपस बनाने की प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. अदिति सिंधु, श्रीमती नीलम पाल, डॉ. रेणुका, उमेश, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मोना, शिवानी, आकांक्षा, सना, गुड्डू, रानी, तबस्सुम परवीन आदि छात्रों ने सहभागिता की।

# क्षत्रिय राजपूत सभा ने किया नवागत कोतवाली प्रभारी का स्वागत



**धामपुर ( चिंगारी )।** महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के पदाधिकारियों द्वारा धामपुर कोतवाली के नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह का महाराणा प्रताप स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभा के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व, कार्यशैली एवं प्रशासनिक अनुभव से धामपुर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना सुदृढ़ होगी। बैठक के दौरान समाज में शांति, सौहार्द, भाईचारा, महिला सुरक्षा, जनसहयोग तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। सभा के पदाधिकारियों ने प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पुलिस और समाज के आपसी सहयोग से ही अपराधमुक्त, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से कानून का पालन करने तथा किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को देने की अपील की। इस दौरान जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया सहित महेंद्र पाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, चंद्रभान सिंह गहलौत, ओम प्रकाश सिंह, रामअवतार सिंह, मीनू सिसोदिया व सभा के अनेक सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# रायपुर फायरिंग कांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

## पुरानी रंजिश में चली गोलियां, दो लोग हुए थे घायल

**देहरादून ( चिंगारी )।** रायपुर क्षेत्र में हुई फायरिंग की सनसनीखेज घटना का दून पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि घटना के पीछे बिजनौर में एक शादी समारोह के दौरान हुआ पुराना विवाद और आपसी रंजिश मुख्य कारण थी। घटना में चली गोलियों से दो लोग घायल हुए थे। एसएसपी देहरादून के निर्देशन में गठित विशेष पुलिस टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना का अनावरण किया। पुलिस के अनुसार 3 जुलाई की रात करीब 9 बजे रिंग रोड स्थित शराब के ठेके के बाहर खड़े युवकों पर कुछ हमलावरों ने फायरिंग कर दी थी। फायरिंग में नवीन राणा के कंधे और वहां से गुजर रहे कमेंद्र शर्मा के पैर में गोली लगी थी। दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना के संबंध में बंजारावाला निवासी दिवाकर खंडूड़ी की शिकायत पर थाना रायपुर में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पांच अलग-अलग टीमों का गठन कर जांच शुरू की। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तथा प्रत्यक्षदर्शियों और घायलों से पूछताछ की गई। जांच के दौरान घायल कमेंद्र शर्मा से मिली जानकारी के आधार पर बिजनौर निवासी अक्षय प्रधान और उसके साथियों की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 जुलाई को थानो रोड क्षेत्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अरुण कुमार उर्फ छोटू (27), सन्नी कुमार (24) और आदर्श सिंह (19) शामिल हैं। तीनों मूल



रूप से बिजनौर जनपद के निवासी हैं और वर्तमान में देहरादून में रह रहे थे।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मुख्य आरोपी अक्षय प्रधान का कुछ समय पहले बिजनौर में एक शादी समारोह के दौरान कमेंद्र शर्मा और उसके साथियों से विवाद हुआ था। उसी विवाद के बाद दोनों पक्षों के बीच रंजिश चल रही थी। जांच में यह भी सामने आया कि दोनों पक्षों के बीच लगातार फोन पर गाली-गलौज और धमकियों का सिलसिला जारी था। इसी रंजिश के चलते 6 नंबर पुलिया क्षेत्र में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद बढ़ने पर फायरिंग हुई, जिसमें कमेंद्र शर्मा और नवीन राणा घायल हो गए। पुलिस के अनुसार घटना में शामिल मुख्य आरोपी अक्षय प्रधान और उसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# भजनों के माध्यम से किया बजरंग बली का गुणगान

**धामपुर ( चिंगारी )।** दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित शुभ अग्रवाल के आवास पर श्रीमद् हनुमंत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में शुभ अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, पुष्पेंद्र चौहान, अमृता सिंह, सीमा चौहान, विनीता शर्मा, ताराचंद पांडेय, पारुल अग्रवाल, संगीता रस्तोगी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से महामंडलेश्वर आचार्य डॉ. दिनेश भारद्वाज, मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, दिनेश राणा, सुनील चौहान, संदीप भारद्वाज, निखिल अरोड़ा, राजकुमार प्रजापति, विजय शर्मा, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

# दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया पौत्र का जन्मोत्सव

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति के संरक्षक डॉ. चंद्रमोहन बड़थ्वाल ने अपने पौत्र चिरंजीव चिराग बड़थ्वाल का जन्मोत्सव निंबूचौड़ स्थित दिया दिव्यांग संस्था में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों को उपहार वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति के संस्थापक निदेशक राम भरोसा कंडवाल ने कहा कि किसी भी शुभ अवसर की वास्तविक सार्थकता तभी है जब उसकी खुशी समाज के उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें प्रेम, सहयोग और सम्मान की सबसे अधिक आवश्यकता है। दिव्यांग बच्चों के साथ जन्मदिन मनाना सेवा, संवेदना और सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण है। तत्पश्चात दिव्यांग बच्चों को उपहार वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. रमाकांत कुकरेती, मनमोहन काला, कविता मलासी, रोशनी कुकरेती, मानसी थपलियाल, विजया नेगी, प्रेरणा रावत, सोनी रावत एवं शालनी रावत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ताऊ के पीछे गये मासूम की नहर में डूबने से मौत

हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के ग्राम सब्दलपुर में रविवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। ताऊ के पीछे-पीछे नहर तक पहुंचा चार वर्षीय मासूम नहर के तेज बहाव में बह गया। काफी देर तक तलाश के बाद उसका शव घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर मुढाल के पास नहर के फॉल पर पानी में तैरता मिला।



हीमपुर दीपा थाना अंतर्गत ग्राम सब्दलपुर निवासी हसीन का चार वर्षीय पुत्र चांद अपने ताऊ अशरफ के पीछे-पीछे चुपचाप गांव के पास से गुजर रही सुल्तानपुर माइनर (बड़ी नहर) पर पहुंच गया। अशरफ पशुओं को नहलाने में व्यस्त हो गये और उन्हें इस बात का बिल्कुल भी आभास नहीं हुआ कि मासूम चांद भी वहीं मौजूद है। इसी दौरान मासूम खेलते-खेलते नहर के किनारे पहुंच गया और अचानक नहर में गिरकर तेज बहाव में बह गया।

अशरफ पशुओं को नहलाने के बाद घर लौट आया। उधर, काफी देर तक चांद के घर न पहुंचने पर उसकी मां शबनम चिंतित हो गई। उन्होंने आसपास तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि बच्चे को नहर की ओर जाते देखा गया था। परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में नहर पर पहुंचे और उसकी तलाश शुरू कर दी। करीब एक किलोमीटर तक नहर किनारे खोजबीन करने के बाद मुढाल के पास स्थित नहर के फॉल पर चांद का शव पानी में तैरता मिला। जरा सी लापरवाही के चलते उसकी मासूम मुस्कान हमेशा के लिये खामोश हो गई।

## हरेवली बैराज में नहाने गया युवक डूबा

### एक सप्ताह में डूबने वालों की संख्या तीन हुई

हरेवली ( चिंगारी )। रविवार की अपराह्न हरेवली बैराज में नहाने गया एक युवक गहरे पानी में जाने के कारण डूब गया। बैराज पर घूम रहे लोगों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन बचा नहीं पाए। जानकारी के अनुसार हरेवली निवासी राजपाल (23 वर्ष) पुत्र निहाल सिंह किसी कार्य से हरेवली बैराज पर गया था। सायं लगभग पांच बजे वह गेट नंबर 1 के सामने नहाने लगा। गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। घटना की सूचना पर हरेवली पुलिस चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और राजपाल की खोज कराई। रात्रि 11 बजे राजपाल का शव मिला। गौरतलब है एक सप्ताह में हरेवली क्षेत्र के तीन लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है, जिसमें कुराली निवासी अदनान (17 वर्ष), छीपरी निवासी सतीश (45 वर्ष) हैं।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## आलोपुर प्रकरण

### बहुजन पैंथर के अध्यक्ष अरुण रोनी का शांति भंग में चालान

बिजनौर ( चिंगारी )। नजीबाबाद क्षेत्र के आलोपुर प्रकरण को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो और पोस्ट साझा करने के मामले में पुलिस ने बहुजन पैंथर ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण रोनी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने उनका शांतिभंग की आशंका में चालान किया है।

पुलिस के अनुसार, अरुण रोनी ने शुक्रवार को अपने फेसबुक अकाउंट से एक वीडियो जारी कर आलोपुर प्रकरण को लेकर महापंचायत आयोजित करने की चेतावनी दी थी। आरोप है कि वीडियो और पोस्ट के माध्यम से दो समुदायों के बीच वैमनस्य फैलने तथा कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हुई। इसी आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अरुण रोनी का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ या माहौल बिगाड़ने वाली सामग्री पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मामले में पुलिस का कहना है कि जिले में शांति एवं सौहार्द बनाए रखना प्राथमिकता है और किसी भी व्यक्ति को सोशल मीडिया के माध्यम से तनावपूर्ण माहौल बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये बिजनौर व हरिद्वार पुलिस ने कमर कसी

बिजनौर ( चिंगारी )। आगामी कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार को हरिद्वार जिले के श्यामपुर थाना क्षेत्र में बिजनौर और हरिद्वार पुलिस अधिकारियों की संयुक्त समन्वय बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान दोनों जिलों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता हरिद्वार की पुलिस अधीक्षक (यातायात) निशा यादव और बिजनौर के पुलिस अधीक्षक (यातायात) गौतम राय ने की। बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था, रूट डायवर्जन, भारी वाहनों के संचालन, कांवड़ियों की सुरक्षा, आपातकालीन स्थिति में तुरंत सूचना साझा करने, दोनों जिलों की सीमा पर प्रभावी पुलिस व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने जैसे विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



अधिकारियों ने इस बात पर भी जोर दिया कि यात्रा के दौरान दोनों जिलों की पुलिस लगातार संपर्क में रहे, ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके और श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। बैठक में बिजनौर की ओर से सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम, थाना प्रभारी नजीबाबाद अमित चौधरी, थाना प्रभारी मंडावली राकेश कुमार और ट्रैफिक प्रभारी रवि नैन मौजूद रहे। वहीं हरिद्वार की ओर से सीओ सिटी, सीओ यातायात, थाना प्रभारी श्यामपुर, ट्रैफिक प्रभारी सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने शोकाकुल परिवारों से की मुलाकात

### हाजी यासीन अंसारी, फहीम व शराफ़त के परिजनों को बंधाया ढांढस

बिजनौर ( चिंगारी )। कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती हेनरिता राजीव सिंह ने रविवार को बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर वरिष्ठ कांग्रेसी एवं दिवंगत हाजी यासीन अंसारी के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की ओर से भेजा गया शोक पत्र हाजी यासीन अंसारी के पुत्रों को सौंपा। उन्होंने दिवंगत की मग़फ़िरत, जन्नतुल फ़िरदौस में आला मुकाम तथा शोकाकुल परिवार को सब्र-ए-जमील अता होने की दुआ की। दौरे के दौरान जिलाध्यक्ष ने हाल ही में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले फहीम और शराफ़त के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ा है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष (चिकित्सा प्रकोष्ठ) आज़ाद बेग, आरिफ़ ख़ान, फ़रीद ख़ान, जावेद अंसारी, अनिल त्यागी, काज़ी आतिफ़, सुकंदी, दीपक सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# नाले पर बनी दुकानों को तोड़ने के नोटिस के विरोध में उतरे व्यापारी

## विधायक व शहर के गणमान्य लोगों ने भी किया विरोध

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगरपालिका परिषद नजीबाबाद द्वारा शिकायत के आधार पर नगर के बाजार कल्लूगंज में नाले पर बनी पांच दुकानों को अवैध बताते हुए इनके ध्वस्तीकरण को नोटिस जारी करने का नगर के व्यापारियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ा विरोध किया। विधायक हाजी तसलीम अहमद व नगर के गणमान्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर पालिका की इस कार्रवाई पर आपत्ति जताई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ के नेतृत्व में व्यापारियों मोनू टाटा, रईस कुरैशी, मुकीम कुरैशी, शेर अली खान, मोनू राजपूत, मोनिस खान, जकी अहमद सहित काफी संख्या में व्यापारियों ने सोमवार को सुबह बाजार कल्लूगंज पहुंचकर नगरपालिका द्वारा किसी शिकायत के आधार पर व्यापारियों मधुसूदन, कमल ज्वैलर्स, हरेंद्र सिंह,



इबादुर्रहमान की दुकानें नाले पर अवैध बनी हुई बताते हुए इन्हें व्यापारियों से स्वयं हटाने के लिए नोटिस जारी किया है। व्यापारियों द्वारा इन दुकानों को ना हटाने पर इन्हें आज 6 जुलाई को बुलडोजर से ध्वस्त करने की तारीख निधारित की थी। पीड़ित व्यापारियों ने बताया कि उनकी करीब सौ सालों से दुकानें है तथा वह इन दुकानों से अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। इन दुकानों का वह नगरपालिका को टैक्स भी जमा करते आ रहे हैं। व्यापारियों ने नगरपालिका की इस कार्रवाई को गलत बताते हुए कहा कि इस तरह से तो शहर में सैकड़ों दुकानें नालों पर अवैध बनी है, इससे व्यापारी को नुकसान होगा। व्यापारियों ने किसी भी कीमत पर पालिका द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को न करने देने तथा आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी। नगरपालिका की इस कार्रवाई का विधायक हाजी तसलीम अहमद, सपा नेता रफीक अंसारी, समाजसेवी काजी आसिफ मुत्तकी, रालोद नगर अध्यक्ष इकबाल चैधरी, गुलजार सैफी, दानिश सैफी आदि ने भी विरोध करते हुए दुकानों का ध्वस्तीकरण रोकने की मांग की।

# पीएम पर अभद्र टिप्पणी करने वाले के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो को लेकर रविवार को थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं का



आरोप है कि वीडियो में एक व्यक्ति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी है। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के संबंध में भी कथित रूप से आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया है। पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत हैं, उनके खिलाफ इस प्रकार की कथित अभद्र टिप्पणी एवं धमकी अस्वीकार्य है। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विधि सम्मत कठोर कार्रवाई करने की मांग की। भाजपा नेताओं का कहना है कि पार्टी के कार्यकर्ता कानून का सम्मान करते हैं व लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास रखते हैं। इस मौके पर भाजपा नेता शुभम उर्फ लवी अग्रवाल, अजय कुमार, दुष्यंत कुमार, शिवम अग्रवाल, इरशाद अहमद, दिनेश खन्ना, संजीव कुमार, सुरेंद्र कुमार, विवेक राजपूत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य को गौशाला में मिली अनियमितताएं

नजीबाबाद (चिंगारी)। राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता जैन अग्रवाल को गौशाला में गोवंशों की देखरेख में अनियमत्ताओं को लेकर अवगत कराया गया। उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत ही नजीबाबाद के कबाड़ी बाजार स्थित गौशाला में जाने का निश्चय किया। गौशाला के मुख्य द्वार पर पशु का कटा फटा अंग पड़ा था। श्रीमती संगीता जैन अग्रवाल गौशाला में जाकर देखा तो गौशाला में गोवंश के सामने नाद खाली पडी थी, जिसमें ना तो हरा चारा था व ना ही भूसा, गोवंश के



सामने रखा पीने का पानी इतना गंदा था कि उसमें कोई हाथ भी नही धो सकता, ऐसा पानी गोवंश को पीना पड़ रहा है। गौशाला में आया एक गोवंश बेसुध पड़ा हुआ था, उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी। जानकारी करने पर गौशाला के कर्मचारियों ने बताया कि इसके पैरों की हड्डी टूटी हुई है इससे चला नहीं जा रहा है। जबकि वह गोवंश इतनी भीषण गर्मी में खुले आसमान के नीचे घास पर बेसुध पड़ा हुआ था। श्रीमती संगीता जैन अग्रवाल ने तुरंत ही कर्मचारियों को बुलाकर उसे पानी पिलाने को कहा तथा उसे खुले आसमान के नीचे से हटाकर टीन शेड में बैठाया गया। जब कर्मचारी उस गोवंश को ले जाने लगे तो उससे चला भी नहीं जा रहा था, उसकी एक टांग में फैक्चर था। गोवंश को तीन-तीन लोग उठाकर टीन शेड के नीचे लेकर गये। गोशाला में बंधे हुए गोवंश उन्हें देखकर जोर-जोर से चिल्लाने लगे जिसे देखकर उन्हें दया आई तथा वह गुस्से से भर गई। उन्होंने तुरंत ही नगर पालिका अधिशासी अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी से फोन पर बात कर गौशाला में हो रही अनियमितताओं के बारे में उन्हें अवगत कराया। मौके पर गौशाला के इंचार्ज आकाश वर्मा व पशु चिकित्सालय से कर्मचारी वहां पहुंचे। श्रीमती संगीता जैन अग्रवाल ने उनसे गौशाला में गोवंश के लिए चारे व उपचार की उचित व्यवस्था कराने को कहा।

# भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा का केक काटकर स्थापना दिवस मनाया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा का दूसरा स्थापना दिवस मंडावली कार्यालय पर बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विपिन तोमर, कार्यकारी जिलाअध्यक्ष शेषपाल राठी, युवा जिलाध्यक्ष एडवोकेट ब्रजवीर सिंह ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर संगठन का स्थापना दिवस मनाते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा किसानों व मजदूरों के हक की लड़ाई को पूरी ताकत से लड़ने का संकल्प लिया। इस मौके पर संगठन का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष विपिन तोमर ने क्षेत्र के सिकरोड़ा निवासी फुरकान ठेकेदार को जिला महासचिव की जिम्मेदारी दी। फुरकान ठेकेदार ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए संगठन के प्रति कार्य कर किसानों के हक की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला मंत्री लोकेंद्र प्रधान, युवा जिला उपाध्यक्ष आकाश राठी, युवा तहसील प्रभारी अमित राठी, जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद आबिद, जिला कोषाध्यक्ष मौहम्मद असलम, पंकज त्यागी, अनिल त्यागी, चैधरी चरण सिंह, मोनू त्यागी, बिल्लू, मुकेश कुमार, इरफान अहमद, तरुण कुमार, गुलशन कुमार, जॉनी कुमार, शाहनवाज, शमशेर, युद्धवीर, गुलबहार, जुबैर, जाकिर हुसैन, मारूफ, चांद, अमित आदि मौजूद रहे।

# 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके युवाओं के वोट बनवाने का आव्हान

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के भागूवाला मंडल प्रभारी विनय राणा ने कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व की योजना अनुसार सब कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ पर वोटर लिस्ट का सत्यापन, 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं के वोट बनवाना एवं वोटर लिस्ट में सुधार करने के लिए गलत वोटो को कटवाने का कार्य पूरे मनोयोग से करना है। उन्होंने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत बूथ जीतने व चुनाव जीतने के लिए कार्य करना है। नजीबाबाद विधानसभा में इस बार पार्टी प्रत्याशी को विजयश्री दिलाने के लिए कार्य करना है। हर बूथ पर 51 प्रतिशत मत भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में डलवाने के लिए अभी से कमर कमर कस ले। चौधरी ईशम सिंह ने प्रत्येक बूथ पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पौधारोपण किए जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जुगनेश कुमार, नरपाल सिंह, नौबहार सिंह, परमात्मा शरण, कृष्ण पाल सिंह, संजीव राठी, तासिम राईन, अफजाल अहमद, विरेन्द्र सिंह, वरुण कौशिक, संजीव भुईयार, शादाब अहमद, कपिल कुमार, पूर्व प्रधान महेन्द्र सिंह, नरेश शर्मा, जय प्रकाश, डॉ. नरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू की महापंचायत में निर्दोषों को न्याय दिलाने के लिए गरजे किसान

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू की महापंचायत आयोजित




महापंचायत में मंचासीन पदाधिकारीगण व पंचायत में मौजूद किसान।

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के युवा प्रदेश अध्यक्ष चैधरी दिगंबर सिंह के आव्हान पर आलोपुर प्रकरण में निर्दोषों को न्याय दिलाने व किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर सोमवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में आलोपुर प्रकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। महापंचायत में भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में किसानों की भीड़ उमड़ी। भाकियू अराजनैतिक द्वारा पहले नजीबाबाद तहसील परिसर में यह पंचायत किया जाना निर्धारित था, किंतु प्रशासन के अनुरोध तथा आम जनमानस की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बाद में इसका स्थान बदलकर महापंचायत का आयोजन मंडी समिति परिसर नजीबाबाद में किया गया। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों का कहना था कि संगठन हमेशा किसानों, मजदूरों एवं आम नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए कार्य करता आया है। इसी उद्देश्य से निर्दोष लोगों को न्याय दिलाने तथा न्याय की आवाज बुलंद करने के लिए यह महापंचायत आयोजित की गई है। महापंचायत में किसान नेताओं ने कहा कि इस प्रकरण को लेकर प्रशासन के साथ कई दौर की वार्ता की गई।. लेकिन अब तक कोई ठोस एवं संतोषजनक समाधान नहीं निकल पाया। संगठन की स्पष्ट मांग है कि आत्महत्या मामले में सभी दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष एवं कठोर कार्रवाई की जाए। यदि इस पूरे मामले में शासन या प्रशासन का कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी भी दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भी समान रूप से कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि इस प्रकरण में जिन निर्दोष किसानों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज किए गए हैं, उन्हें बिना किसी शर्त तत्काल वापस लिया जाए तथा निर्दोष किसानों का उत्पीड़न पूरी तरह बंद किया जाए। महापंचायत में किसानों की अन्य समस्याओं पर भी विचार-विमर्श करते हुए प्रशासन से समस्याओं के हल की मांग की गई। महापंचायत में मुख्य रूप से चैधरी दिगंबर सिंह, जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही, नितेंद्र प्रधान, बलराम सिंह, सरदार इकबाल सिंह, कुलबीर सिंह, भोपाल राठी, नवीन राजपूत, पुनीत चैहान, हिमांशु चैधरी, भूपेंद्र सिंह, प्रशांत चैधरी, देवेंद्र सिंह, मुनेन्द्र सिंह, पवन कुमार, महेंद्र सिंह, शहाबुद्दीन राईन, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे। मंडी समिति में किसान महापंचायत को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा। समाचार लिखे जाने तक महापंचायत जारी थी।

## बहुजन समाज के विभिन्न संगठनों ने की आलोपुर प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग



नजीबाबाद (चिंगारी)। बहुजन समाज के विभिन्न संगठनों ने एक मंच पर आकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आलोपुर प्रकरण का कड़ा विरोध किया है। प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकर्ता दो पक्षों की लड़ाई को किसान व जाति की लड़ाई बताकर समाज का माहौल खराब करना चाहते हैं, ऐसे लोगों पर प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बहुजन समाज की सभी जातियों से भी अपील की कि वह भाईचारा बना कर रखें तथा गुमराह ना हों, वह संवैधानिक व मानवतावादी लोग हैं, शासन प्रशासन को यह भरोसा दिलाते हैं कि वह कानून के दायरे में रहकर अपनी लड़ाई लड़ेंगे। वह किसी जाति धर्म के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रशांत महासागर जिला अध्यक्ष भीम आर्मी, अरुण कुमार (रोनी) राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन पैंथर ऑफ़ इंडिया, रजत कुमार संस्थापक सदस्य भीम आर्मी, सुखबीर प्रधान जिला उपाध्यक्ष असपा, भोलू प्रधान बहुजन पैंथर ऑफ़ इंडिया, जसराम सिंह मंडल अध्यक्ष पैंथर ऑफ इंडिया, नरेंद्र प्रधान असपा, रुकैया अंसारी नेता बहुजन पैंथर ऑफ़ इंडिया, विष्णु गौतम तहसील अध्यक्ष भीम आर्मी, वीरेंद्र कुमार भीम आर्मी सहित काफी संख्या में दलित समाज के विभिन्न संगठनों के लोग मौजूद रहे।

## दीपक मोनू बने वैश्य संगठन के नगर अध्यक्ष



बिजनौर (चिंगारी)। अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन ने सभासद एवं समाजसेवी दीपक गर्ग मोनू को संगठन का बिजनौर नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोनयन पत्र के अनुसार संगठन की कार्यकारिणी ने दीपक गर्ग पर विश्वास व्यक्त करते हुए आशा जताई है कि वे संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, संगठन को मजबूत बनाने तथा वैश्य समाज के हितों के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। नगर अध्यक्ष मनोनीत होने पर दीपक गर्ग ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा समाज को संगठित करने और उसके उत्थान के लिए पूरी लगन से कार्य करेंगे।

## अल्लामा इरफान रुमानी अवार्ड से नवाजे जाएंगे मशहूर शायर शकील बिजनौरी

**नगीना (चिंगारी)। कौमी इत्तेहाद ट्रस्ट, नगीना के तत्वावधान में कल 7 जुलाई को प्रख्यात विद्वान और सूफी कवि अल्लामा इरफान रुमानी की बरसी के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन नगीना में होगा। कार्यक्रम में इस वर्ष का प्रतिष्ठित 'अल्लामा इरफान रूमानी अवार्ड' देश के सुप्रसिद्ध शायर और प्रख्यात लेखक शकील अहमद खां शकील बिजनौरी को देने का निर्णय लिया गया है। इस बात की आधिकारिक घोषणा कौमी इत्तेहाद ट्रस्ट के प्रवक्ता बहारूद्दीन बहार शम्सी ने की। उन्होंने बताया कि शकील बिजनौरी को यह सम्मान उनके अदबी (साहित्यिक) योगदान, बेमिसाल शायरी और लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दिया जा रहा है। कौमी इत्तेहाद ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अनुसार, कल 7 जुलाई को आयोजित होने वाले इस गरिमामय समारोह में कई जानी-मानी साहित्यिक और सामाजिक हस्तियां शिरकत करेंगी। शकील बिजनौरी को अवार्ड दिए जाने की घोषणा पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, साहित्यकारों और उनके प्रशंसकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।**

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# पोषक नहर में डूबे सतीश का शव बरामद





**शेरकोट ( चिंगारी )।** शुक्रवार को पोषक नहर में डूबे ग्राम नूरपुर छीबरी निवासी ग्रामीण सतीश कुमार का शव आज चौथे दिन घटना स्थल से लगभग चार किलोमीटर दूर शेरकोट हरेवली मार्ग पर स्थित पुल के पास से मिला। पुलिस ने तलाश में जुटे पीएसी के गोताखोरों से शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विदित हो कि शुक्रवार की दोपहर क्षेत्र के ग्राम नूरपुर छीबरी निवासी 45 वर्षीय सतीश कुमार कुछ मेहमानों के साथ गांव के पास स्थित पुल के पास नहाते पैर फिसलने से गहरे पानी में डूब गया था । पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरो के बाद शनिवार से पीएसी मुरादाबाद से गोताखोरों की टीम बुलाकर सतीश को नहर में तलाश कराया जा रहा था। इस बीच कल रात शहर का पानी बंद कराए जाने पर सोमवार की सुबह लगभग आठ बजे कुछ लोगों को हरेवली मार्ग पर स्थित पुल के पास नहर में शव दिखाई दिया। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकालवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सतीश का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मचा है। बताया जाता है कि मृतक ईंट भट्ठे पर मेहनत करके परिवार का भरण पोषण करता था। उसने अपनी एक पुत्री की शादी कर दी थी, जबकि दो पुत्र अभी इंटर में पढ़ रहे हैं। घटना से उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

## गोताखोरों की टीम में ये शामिल रहे

**शनिवार से नहर के पानी में सतीश को तलाश कर रही पीएसी 23 वी बटालियन मुरादाबाद की टीम में हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह, मोहम्मद आलीशान, मोहन सिंह,सुमित कुमार, दीपक कुमार,सुनील कुमार,उज्जवल सिंह,विकास कुमार, चंद्रवीर सिंह, प्रदीप कुमार आदि शामिल रहे।**

# शेरकोट भूमि प्रकरण में तालिब को हाईकोर्ट से जमानत मिली

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के प्रमुख व्यवसायी मौ. तालिब को शेरकोट के कथित भूमि घोटाले के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। इसी के साथ तालिब की जेल से रिहाई का रास्ता साफ हो गया है। पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह पर कथित हमले के मामले में तालिब और उनके भाईयों की जमानत पहले ही हाईकोर्ट से हो चुकी है। एक-दो दिन में तालिब के जेल से रिहा होने की संभावना है। मालूम हो कि मौ. तालिब और उनके समधी पूर्व विधायक मौ. गाजी सहित कुछ लोगों के विरूद्ध शेरकोट थाने में कथित भूमि घोटाले में एफआईआर दर्ज की गई थी। उससे पहले पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र पर कथित हमले में तालिब और उनके भाई खालिद व आदिल के विरूद्ध बिजनौर थाने में मामला दर्ज किया गया था।

# कहां गायब हो गया मानसून?

**भीषण गर्मी और उमस में जीना मुहाल**

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** देश के कई हिस्सों में जहां भारी बारिश हो रही है और बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं, वहीं बिजनौर जनपद में मानसून के लगातार दगा देने से लोग राहत के लिये तरस रहे हैं। उमस भरी रिकॉर्ड गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। बदरा बार-बार बैरंग ही लौटकर जा रहे हैं। इस दिनों गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम और अरुणाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश पड़ रही है, जिससे वहां बाढ़ आ रही है या बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। लेकिन जनपद क्षेत्रों में मानसून बेवफ़ाई कर रहा है। सामान्यत: 20 जून के आसपास मानसून का आगाज़ माना जाता है। जुलाई में कई अच्छी बारिश होती हैं। जुलाई के पहले सप्ताह का एक - डेढ़ दिन ही शेष है, मगर अभी तक मानसून का कहीं अता-पता नहीं है। बारिश न होने के कारण लोग उमसभरी रिकॉर्ड गर्मी से बेहाल हैं। दिन हो या रात, गर्मी से तनिक भी राहत नहीं है। बादल लगभग हर रोज उमड़-घुमड़कर आते हैं, मगर बिन बरसे बैरंग ही लौटकर जाते हैं। बारिश को लेकर मौसम विभाग का अनुमान भी लगातार फेल हो रहा है।

# स्कूल वैन का एडवांस भुगतान, फिर भी अभिभावक परेशान

**स्योहारा ( चिंगारी )।** एडवांस भुगतान होने के बाद भी स्कूल वैन छात्रों को लेने नहीं पहुंच रही, परिजनों नें थाने मे तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है । स्वातिक चौधरी निवासी ग्राम किवाड़ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके तथा उसके परिवार के अन्य बच्चे मैरी एंड जैजस, स्कूल में पढ़ते हैं। उन्होंने घर से स्कूल आने जाने के लिए स्कूल वैन कर रखी थी जिसके एवज में स्कूल वैन के किराये के बाबत 2 माह का एडवांस किराया 4500 रू. वाहन चालक राजीव कुमार को जमा करा रखे है। लेकिन स्कूल वैन बच्चों को नहीं लेने आ रही है। जिसके कारण बच्चों को स्कूल आने जाने व पढ़ाई लिखाई में काफी परेशानी हो रही है। स्कूल मैनेजर से इस बारे में शिकायत की तो स्कूल वालो की बात भी उक्त ड्राईवर नहीं मान रहा है और बच्चो को लाने से साफ इंकार कर दिया है।

# नगरायुक्त ने किया स्वच्छ कुंड का निरीक्षण

**सहारनपुर ( चिंगारी )।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने श्री जाहरवीर गोगा महाड़ी परिसर स्थित स्वच्छ कुंड का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगरायुक्त शिपू गिरि महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार के साथ गोगामहाडी पहुंचे और परिसर स्थित स्वच्छ कुंड की सफाई व रख रखाव का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ कुंड की पवित्रता को बनाए रखने पर बल दिया तथा स्वच्छ कुंड परिसर की और अधिक सफाई तथा पेड़ पौधों के रखरखाव पर भी ध्यान देने को कहा।



# पर्यावरण को रखने के लिए संरक्षित विद्यालय में 25 पौधे किये गये रोपित



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत विकास परिषद शाखा कोटद्वार के तत्वावधान मे पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु रितेश शर्मा सरस्वती विद्या इण्टर कालेज जानकीनगर में विभिन्न प्रजाति के 25 पौधे रोपित किये गये। विद्यालय परिसर में आयोजित उक्त वृक्षारोपण का शुभारंभ परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्ष लगाने चाहिए तथा उनको संरक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर सचिव प्रदीप अग्रवाल, मीनाक्षी शर्मा , बीना मित्तल व पर्यावरण संयोजक शीला कुकरेती ने विचार व्यक्त किये। इस दौरान आम, अमरूद, जामुन, नीम, आंवला व अशोक के 25 वृक्ष रोपित किये गये। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, सचिव प्रदीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक व पर्यावरण संयोजक श्रीमती शीला कुकरेती, राजेंद्र जखमोला, श्रीमती रीता जखमोला, श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, राधे श्याम शर्मा, कैलाश चन्द्र अग्रवाल, राकेश मित्तल, श्रीमती बीना मित्तल, श्रीमती पूनम नैथानी, श्रीमती मंजू बड़थ्वाल, सेवक राम मानुजा, राकेश वर्मा इत्यादि सदस्य उपस्थित थे।

# मेडिकल कॉलेज के आप्रेशन थियेटर में छत से टाइल्स के टुकड़े गिरे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज के मेल ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर लापरवाही सामने आई है। सोमवार सुबह ड्यूटी पर पहुंचे कर्मचारियों ने देखा कि ऑपरेशन थिएटर की छत से टाइल्स के बड़े-बड़े टुकड़े टूटकर फर्श और वहां रखे ड्रमों पर गिरे पड़े हैं। राहत की बात यह रही कि घटना के समय ऑपरेशन थिएटर में कोई मरीज या स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

स्टाफ के अनुसार रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण मेल ऑपरेशन थिएटर में कोई कार्य नहीं हो रहा था। आशंका है कि इसी दौरान छत से टाइल्स टूटकर नीचे गिरीं। यदि उस समय कोई ऑपरेशन चल रहा होता या मरीज व कर्मचारी मौजूद होते तो गंभीर जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता था।

कर्मचारियों का आरोप है कि ऑपरेशन थिएटर की छत की जर्जर स्थिति और टाइल्स उखड़ने की समस्या को लेकर कई बार अस्पताल प्रशासन को लिखित रूप से

## बड़ा हादसा टला

अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उनका कहना है कि ऑपरेशन थिएटर अस्पताल का सबसे संवेदनशील हिस्सा होता है, जहां उच्च स्तर की सुरक्षा और रखरखाव आवश्यक है। इसके बावजूद इस तरह की लापरवाही मरीजों और चिकित्साकर्मियों की जान को जोखिम में डाल रही है।

घटना के बाद कर्मचारियों में चिंता का माहौल है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से पूरे ऑपरेशन थिएटर परिसर का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराने, जर्जर हिस्सों की मरम्मत कराने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है।

वहीं, इस घटना के बाद अस्पताल की रखरखाव व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मरीजों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए और दोषी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

इस संबंध में जब अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर आरबी त्यागी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है किसी कर्मचारी ने अभी कोई उन्हें लिखित प्रार्थना पत्र नहीं दिया है।

# परिवार की तरह करें पेड़ों की देखभाल

## वन महोत्सव सप्ताह का शुभारंभ



**चांदपुर ( चिंगारी )। प्रेरणा परिवार व बीकेजी ज्वैलर्स के संयुक्त तत्वावधान में वन महोत्सव सप्ताह कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाते हुए पर्यावरण को स्वच्छ एवं प्रदूषण से मुक्त बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनकी देखभाल अपने परिवार की भांति किये जाने का आह्वान किया गया।**

बीती रात नगर के मुहल्ला कटारमल स्थित ग्रीन गली में शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह की अध्यक्षता एवं अजय कुमार कौशिक के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने मनुष्य के जीवन में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष मनुष्य जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फादरसन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी व विशिष्ट अतिथि शुगर मिल चांदपुर के उपप्रबन्धक उत्पादन रत्नेश मिश्रा रहे।

कार्यक्रम में गोविन्द मित्तल बीकेजी ज्वैलर्स वाले, कृष्णोतार अग्रवाल बैंकर्स, कार्यक्रम संयोजक ज्ञानप्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार ज्वैलर्स, विनेश त्यागी,जगत शर्मा, रविन्द्र कुमार शर्मा, नवीन कुमार अग्रवाल, राकेश कुमार गुप्ता, सुभाष जावा, मतलूब कुरैशी, मौ. इमरान, सार्थक मित्तल, वीरेन्द्र राजपूत, मुनेश कुमार फौजी, तारिक मुस्तफा, सुनील वर्मा, श्रीमती रति अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। अन्त में कार्यक्रम संयोजक ज्ञानप्रकाश वर्मा ने सभी लोगों का आभार जताया।

# अचानक लापता हुई नाबालिग लड़की

## पिता ने एक युवक पर लगाया भगा ले जाने का आरोप

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** थाना रेहड़ क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अचानक लापता हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। लड़की के पिता ने एक युवक पर उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। उत्तराखंड सीमा पर स्थित रेहड़ क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि उसकी नाबालिग पुत्री रविवार की दोपहर अचानक लापता हो गई, जिसकी काफी छानबीन के बाद पता चला कि रेहड़ निवासी एक युवक उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा का कहना है कि कोई तहरीर आती है तो आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उधर कुछ लोगों द्वारा आरोपी युवक के परिजनों पर लड़की को वापस बुलाए जाने का दबाव बनाया जा रहा है जिसके चलते शीघ्र ही लड़की के बरामद हो जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# रेडक्रास सोसायटी व विवेकानन्द दिव्य भारती ने किया वृक्षारोपण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत रविवार को विआंश एग्रीटेक सेन्टर रावली रोड देवापुर में रेडक्रास सोसायटी बिजनौर व विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन टीकम सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को पर्यावरण की रक्षा के लिए एक वृक्ष प्रतिवर्ष लगाना चाहिए। विवेकानन्द दिव्य भारती के अध्यक्ष योगेन्द्रपाल सिंह योगी ने कहा कि इस वर्ष एक पेड़ मां के नाम भारत सरकार द्वारा चलाया गया एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। पौधे लगाने वालों में डा. सुबोधचन्द्र शर्मा, अरविंद अहलावत, डा. विशाल, रोबिन सिंह, विनय तितोरिया, टीकम सिंह, भुवन पाण्डेय, गोबिन्द दास, सुबोध कुमार, हरबीर डबास, हिमांशु, भोले आदि शामिल रहे।



# दरकते संबंधों पर चिंता जताई

## गायत्री शक्ति पीठ पर हुआ यज्ञ



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गायत्री शक्ति पीठ पर आयोजित हवन कार्यक्रम में परिवार में दरकते पवित्र संबंधों पर चिंता जताई गई और उन्हें संभालने पर जोर दिया गया। बिजेन्द्र राठी और नरेश वालिया ने यज्ञ कराया। बिजेन्द्र राठी ने कहा कि आजकल समाचार चैनलों और समाचार-पत्रों में पति-पत्नी जैसे पवित्र संबंधों में गिरावट के समाचार पढ़ने-सुनने को मिल रहे हैं। यह बहुत ही दुखद और गलत है। उन्होंने कहा कि धैर्य रखने, अपनी दृष्टि पवित्र रखने, जीवन साथी की भावनाओं को समझने, मनमानी न करने, मर्यादित व्यवहार करने, अभिभावकों की बात मानने से ही इन संबंधों की पवित्रता बनाई रखी जा सकती है। यज्ञ के अवसर पर एसके सक्सेना, तरंग, अंकुश शर्मा और श्रीमती पूनम के जन्मदिन और बारिश के लिए वरुण देवता को प्रसन्न करने के लिए विशेष मंत्रों से आहुतियां प्रदान की गईं। सभी के सुखी और निरोगी जीवन की कामना की गई। रामपाल सिंह पाल यजमान रहे। इस अवसर पर इंजीनियर रामपाल सिंह, ओमपाल सिंह, हुकुम सिंह शास्त्री, केदार नाथ साहू, दीप्ति शर्मा, कुशाग्र, शौर्य, कमलेश शर्मा, सुरेश गुप्ता, कामायनी शर्मा, राहुल शर्मा समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बाइक सवार युवकों पर गुलदार ने झपट्टा मारा, एक घायल

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बीती रात चांदपुर से अपने गांव जा रहे मोटरसाइकिल सवार युवकों पर गुलदार ने हमला कर दिया। गुलदार के हमले में एक युवक मामूली रूप से घायल हो गया। शोर मचाने पर गुलदार खेत में घुस गया। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की है।

क्षेत्र के ग्राम मुंदरा निवासी सौरभ कुमार, संजू व प्रमोद कुमार रात लगभग 8 बजे मोटरसाइकिल से अपने गांव जा रहे थे। गांव के नजदीक नहर के पास अचानक मोटरसाइकिल के सामने गुलदार आ गया। गुलदार ने मोटरसाइकिल सवार सौरभ कुमार के पैर पर झपट्टा मार दिया। युवकों द्वारा शोर मचाने पर गुलदार खेत में घुस गया। गुलदार के हमले से सौरभ मामूली रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व भी गुलदार गांव के जंगल में घूमते हुए देखा गया है।

ग्रामीणों नफीस सैफी, सौरभ कुमार, संजू, प्रमोद कुमार आदि ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। मालूम हो कि इससे पूर्व भी जमालुद्दीनपुर, बास्टा रोड सहित कई स्थानों पर गुलदार दिखाई दे चुका है। जगह-जगह गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# वामा सारथी ने शिविर लगाया, 218 पुलिसकर्मियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया

**बिजनौर ( चिंगारी )। वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को रिजर्व पुलिस लाइंस, बिजनौर में होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पुलिसकर्मियों और उनके परिवार के कुल 218 सदस्यों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।**

रविवार को पुलिस लाइन में एसपी की पत्नी एवं वामा सारथी की अध्यक्षा रिया झा के निर्देशन में आयोजित शिविर में पुलिसकर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, जांच और दवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर का आयोजन आयुष विभाग के सहयोग से किया गया। स्थानीय विवेक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की टीम ने भी शिविर में भाग लिया। अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने नेत्र रोग, हड्डी एवं जोड़ संबंधी समस्याओं तथा अन्य सामान्य बीमारियों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। मरीजों को उनके स्वास्थ्य के अनुरूप दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर में चिकित्सकों ने समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित आहार अपनाने और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक देवेंद्र सिंह सिकरवार, दरोगा ओम सिंह, अशोक कुमार तोमर, राममेहर सिंह, डा. विकास तोमर, फार्मासिस्ट कमल किशोर मौर्य, रविंद्र सिंह, डा. रश्मि ने विवेक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से डा. आदिल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. नीरज कुमार, फार्मासिस्ट निशांत शर्मा, पूजा, रूपाली यादव, प्रबंधक धीरेन्द्र राणा, महिला हेड कांस्टेबिल रूबी राठी ने अपनी सेवाएं दीं।



# 'स्वस्थ नहटौर' के 204वें शिविर में गंभीर मामला सामने आया

## दो माह पुराने पैर के घाव से पीड़ित शुगर मरीज को तत्काल सीएचसी भेजा

**नहटौर (चिंगारी)।** हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट की पहल 'स्वस्थ नहटौर' के अंतर्गत रविवार को 204वां साप्ताहिक निःशुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच एवं परामर्श शिविर मैहदी विला, नहटौर में आयोजित किया गया। शिविर में लोगों की शुगर, ब्लड प्रेशर एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें खान-पान, नियमित पैदल चलने और दवाएं नियमित रूप से लेने के संबंध में परामर्श दिया गया।

शिविर में जांच के दौरान एक महिला का सर्वाधिक फास्टिंग शुगर स्तर 312 mg/dL, जबकि एक पुरुष का भोजन के बाद शुगर स्तर 530 mg/dL पाया गया। संबंधित मरीजों को बढ़े हुए शुगर स्तर की गंभीरता से अवगत कराते हुए मेडिकल सलाह लेने और नियमित उपचार जारी रखने की सलाह दी गई। शिविर के दौरान एक गंभीर मामला भी सामने आया। अधिक शुगर वाले एक व्यक्ति के बाएं पैर की छोटी उंगली में काफी सूजन और गहरा घाव पाया गया, जिससे मवाद निकल रहा था। बातचीत में मरीज ने बताया कि वह लगभग दो महीने से इस समस्या से जूझ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रैफर किया गया तथा वहां शीघ्र आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने और मामले पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया गया। हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट के सचिव एवं 'स्वस्थ नहटौर' अभियान के संयोजक गिज़ाल मैहदी ने मरीजों को विस्तार से परामर्श देते हुए कहा कि डायबिटीज के मरीजों को पैरों में सूजन, घाव, मवाद या लंबे समय तक ठीक न होने वाले जख्म को बिल्कुल नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे मामलों में तुरंत मेडिकल सहायता लेना आवश्यक है। शिविर के संचालन में वॉलंटियर्स अनम परवीन, मुहम्मद हुज़ैफ़ा, अब्दुल कादिर, मोहम्मद खज़िर और उरूसा ज़ैदी ने जांच, रिकॉर्ड संधारण तथा मरीजों की सहायता में सक्रिय योगदान दिया।




### चार वर्षों से संचालित है केन्द्र

*बता दें कि हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट पिछले लगभग चार वर्षों से स्वास्थ्य जागरूकता, विशेष रूप से डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार काम कर रहा है। इसके लिए ट्रस्ट नहटौर में निःशुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच एवं परामर्श केंद्र संचालित कर रहा है। यह केंद्र प्रत्येक रविवार सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक नियमित रूप से कार्य करता है, जहां लोगों की शुगर, ब्लड प्रेशर एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य परामर्श की सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। केंद्र पर अब तक 4,000 से अधिक लोगों की शुगर, ब्लड प्रेशर तथा अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांचें की जा चुकी हैं।*

## स्वीकृत भार में अचानक बढ़ोत्तरी से उपभोक्ताओं में रोष

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** पिछले कई दिनों से विद्युत उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन पर स्वीकृत विद्युत भार में अचानक बढ़ोत्तरी के मैसेज आने से उपभोक्ताओं में खलबली मची हुई है। विद्युत विभाग के इस हिटलरशाही रवैए को लेकर उपभोक्ताओं में रोष है। कुछ विद्युत उपभोक्ताओं के यहां जब से स्मार्ट मीटर लगे हैं तब से वह विद्युत विभाग की मनमानी के चलते खून के आंसू रो रहे हैं, लेकिन बहुत से पुराने मीटर वाले उपभोक्ता भी भार बढ़ोत्तरी की जद में आए हुए हैं। भीषण गर्मी के चलते विद्युत व्यवस्था में सुधार तो क्या करते, उल्टे उपभोक्ताओं की जेबों पर डाका डालने का प्रयास करते हुए स्वीकृत भार में बिना सूचना दिए भारी बढ़ोत्तरी कर दी गई। उपभोक्ताओं का कहना है कि उनके यहां स्वीकृत भार से अधिक विद्युत का उपयोग नहीं है और यदि ऐसा था भी तो भार बढ़ोतरी से पूर्व सूचना क्यों नहीं दी गई। उधर इस्लामुद्दीन सहित कई लाइनमैनों ने उपभोक्ताओं द्वारा इस प्रकार की शिकायतें मिलने की पुष्टि की है। एसडीओ भिक्कावाला अमित कुमार ने कहा कि अगर ऐसा है तो जांच कराकर उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# गुरु हरगोविंद सिंह के प्रकाश दिहाड़ा पर कराया बच्चों का प्रश्नोत्तरी मुकाबला



**खासपुरा (चिंगारी)।** गुरुद्वारा ऊमरी बड़ी में आज सिखों के छठे पातशाह गुरु हरगोबिंद साहिब जी का प्रकाश दिहाड़ा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरबानी कीर्तन और अरदास के साथ हुई। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा बच्चों का धार्मिक प्रश्नोत्तरी मुकाबला करवाया। गया। मुकाबले में बच्चों ने सिख इतिहास, गुरमत और गुरु साहिबान की जीवनी से जुड़े सवालों के जवाब देकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक कमेटी द्वारा सभी भाग लेने वाले बच्चों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक कमेटी के सदस्यों हरविंदर सिंह बिल्लू, सतवंत सिंह, कथा विचारक भाई प्रदीप सिंह ने कहा कि आज के समय में बच्चों को सिख इतिहास और गुरमत से जोड़ना जरूरी है। इसीलिए लंगर के साथ-साथ बच्चों के लिए 'गिफ्ट का लंगर' भी लगाया गया।

# मिल बैठे फोटो स्टेट/जनसेवा केंद्र संचालक




**अफ़ज़लगढ़ (चिंगारी)।** क्षेत्र की फोटो स्टेट की दुकानों एवं जनसेवा केंद्रों पर अब काम के दरों की प्रतिस्पर्धा नहीं होगी। सभी जगह समान शुल्क में काम होंगे। रविवार को नगर स्थित डाक बंगले पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के फोटो स्टेट/जनसेवा केंद्र संचालकों की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। विभोर गोयल की अध्यक्षता एवं संजय सैनी के संचालन में आयोजित इस बैठक में संगठन का एक कोष बनाने का भी निर्णय लिया गया, जिससे समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद की जा सके। बैठक में नजमुल हसन, मोबिन सैफी, बिलाल, फईम, हसीब अंसारी, आफताब आलम, मौ. अफसर, लवकुश कुमार, आदिल, गुड्डू, फैजान, नईम चौधरी आदि फोटो स्टेट दुकानदार एवं जनसेवा केंद्र संचालक मौजूद रहे।

# अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** बाबा बर्फानी के दर्शन हेतु नगर से सात सदस्यीय श्रद्धालुओं का जत्था रविवार को अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुआ। रवानगी से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजन-अर्चन कर सकुशल यात्रा एवं विश्व कल्याण की कामना की। इस दौरान स्थानीय मंदिर परिसर में परिजनों, मित्रों एवं अनेक नगर व क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत करते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। श्रद्धालुओं ने कहा कि बाबा अमरनाथ के दर्शन प्रत्येक शिवभक्त के लिए आस्था और श्रद्धा का प्रतीक हैं। उन्होंने यात्रा के दौरान देश में सुख-शांति, समृद्धि और सभी के उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करने की बात कही। इस जत्थे में प्रमोद अग्रवाल, अशोक कुमार, संजय कुमार, विजयपाल सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सुमित विश्नोई व अनंत महेश्वरी शामिल हैं।

# नोएडा व मेरठ में होगी बास्केट बॉल चैम्पियनशिप

**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन की स्थायी चयन समिति की बैठक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आदेश दाहिमा(मोनू) के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई, जिसमें बताया गया कि उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन 24वीं उत्तर प्रदेश राज्य (16 वर्ष) तक के बालक/ बालिकाओं की बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 22 से 28 जुलाई 2026 तक गलगोटिया विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा में तथा 30वीं सब जुनियर (14 वर्ष) तक के बालक/बालिकाओं की चैंपियनशिप का आयोजन मेरठ पब्लिक स्कूल, मुख्य विंग, उत्तरी सड़क, मेरठ कैंट, मेरठ में 04 से 09 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि दोनों ही चैंपियनशिप्स में बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन की टीमें भाग लेंगी। इसके लिए 16 वर्ष तक के बालक/बालिकाओं को 11 जुलाई को तथा 14 वर्ष तक के बालक/बालिकाओं को 13 जुलाई को अपराह्न 4.30 बजे बिजनौर में एकत्र होने को कहा गया है। बैठक में आदेश दाहिमा(उपाध्यक्ष), योगेश्वर त्यागी(सचिव), गोपाल त्यागी एवं अजय वत्स (उपसचिव), श्रीमती पम्मी गहलौत(सदस्य) ने भाग लिया। किसी भी अन्य जानकारी के लिए खिलाड़ी एवं अभिभावक एसोसिएशन के सचिव श्री योगेश्वर त्यागी से फ़ोन नंबर 9992026804 पर संपर्क किया जा सकता है।



# 'अल्लाह की अता की गई ज़िंदगी को ख़त्म न करें'

## दीनी और इसलाही प्रोग्राम में बोले मौलाना कमरूज्जमां

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला काज़ी सराय स्थित मस्जिद अहले हदीस में दीनी और इसलाही प्रोग्राम का इनअक़ाद किया गया, जिसमें मुबल्लिग मौलाना हजरत कमरूज्जमां साहब ने शरीअत के मक़ासिद पर एक मुफस्सिल बयान किया।

बाद नमाज ईशा मस्जिद में आयोजित प्रोग्राम में मौलाना हज़रत कमरूज्जमा ने जानकारी देते हुए बताया कि शरीयत के पांच मक़ासिद हैं, जिनमें दीन की हिफ़ाजत, जान की हिफ़ाजत, अक्ल की हिफ़ाजत, नसब की हिफ़ाज़त और मॉल की हिफ़ाजत। दीन की हिफ़ाजत के लिए इंसान को चाहिए कि वोह अपनी इबादतों में तौहीद के तकाजों को पूरा करते हुए अल्लाह की इबादतें, उसकी रुबूबियत और अस्मा व सिफ़ात में किसी और को शरीक न बनाए। जान की हिफ़ाजत के लिए जरूरी है कि इंसान हलाकत में डालने वाले कामों से अपने आप को महफ़ूज़ रखे और अल्लाह की अता की गई जिंदगी को खत्म न करे। अक्ल की हिफ़ाजत में इंसान को चाहिए कि अक्ल को खराब करने वाली तमाम अशया से परहेज करे जैसे नशा आवर चीज़ें शराब तंबाकू व दीगर अदवियात (दवाएं), इसमें अक्ल को खराब करने वाला लिटरेचर भी शामिल है जो इंसान की सोच को फासिद करता है। चौथे नंबर पर नसब की हिफ़ाज़त के लिए इंसान को चाहिए कि अपने आप को ज़िना और बेहयाई जैसे आमाल से मुकम्मल तौर पर बचाए और ऐसी जगहों की तरफ न बढ़े जो इंसान को हराम कदम उठाने पर आमादा करती हो। माल की हिफ़ाजत के लिए इंसान को चाहिए कि अपने माल में हराम माल की मिलावट न करे और यतीमों, मिस्कीनों के माल के मुआमलात में एहतियात से काम ले। जिन चीजों के कारोबार को अल्लाह ने हराम करार दे दिया है, उसके पास भी न भटके भले उसमें कितना ही मुनाफा क्यों न हो। मौलाना ने आजादी ए निस्वां पर भी बहुत उम्दा प्वाइंट्स बयान किए। मौलाना ने बताया कि अल्लाह के कानून से बगावत करके तागूती कानून को इख्तियार करना आजादी नहीं बल्कि गुमराही है। उन्होंने 'मेरा जिस्म मेरी मर्जी' पर बात करते हुए बताया कि अगर किसी इंसान पर उसकी अपनी मर्जी चलती तो वह कभी बूढ़ा नहीं होता और कभी बीमार नहीं पड़ता। इसी तरह मौलाना ने बताया कि हमने दुनिया को जिंदगी समझ लिया है जबकि दुनिया जिंदगी को सही तरीके से जीने की तैयारी है, यानी यहां की तैयारी हमें आखरित में अच्छी जिंदगी फ़राहिम करा सकेगी। प्रोग्राम देर रात दुआ के बाद में समाप्त हुआ।

# मेधावी छात्रों व शिक्षकों को सम्मानित किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** श्री साईं एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान 'श्री साईं कोचिंग सेंटर, किरतपुर' के प्रांगण में आज एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विकुल कुमार और संस्था के प्रबंधक वेद प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अजय पाल ने मेडल, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमित कुमार (विवेक यूनिवर्सिटी बिजनौर), विकुल कुमार (श्री साई कोचिंग सेंटर बिजनौर), अजय पाल (अध्यापक), देवानंद (समाज सेवी), बब्बरभान (समाजसेवी), सुधीर चौधरी (पूर्व प्रवक्ता हिंदू इंटर कॉलेज किरतपुर), सुधीर कुमार (समाज सेवी), विजयपाल (पूर्व प्रधान व समाजसेवी भनेड़ा), श्रीमती कुसुम देवी (समाज सेवी किरतपुर), महेंद्र (अध्यापक भनेड़ा) को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री साईं एजुकेशन सोसाइटी के उपाध्यक्ष श्री अजय पाल ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। यह निरंतर प्रयास, कठोर परिश्रम और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। श्री देवानंद ने बताया कि श्री साईं कोचिंग सेंटर हमेशा से ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी रहेगा।



# भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर सोमवार को नूरपुर के शक्तिकेन्द्र ब्रह्मपुरी के बूथ संख्या 290 पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल के नेतृत्व में भाजपाइयों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर निशान्त कर्णवाल ने कहा कि डा. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई को कोलकाता के प्रतिष्ठित व शिक्षाविद् परिवार में हुआ था। वह भारत की अखंडता और एक देश में दो विधान दो प्रधान, दो निशान के विरोधी के रूप में याद किये जाते है। वह 1934 में 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने। उन्होंने सन् 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी, जो वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी का आधार है। उनकी विरासत को सम्मानित करने के लिए भारत सरकार उनकी 125वीं जयन्ती भारत भर में भव्य कार्यक्रमों व प्रदर्शनियों ओर युवा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मना रही है। 1953 में रहस्यमी परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई थी। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप राणा, मण्डल मंत्री राहुल यादव, सतीश कुमार, वीर प्रकाश भुइयार, राजेश चौहान, सुधीर चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# आज होगी चैयरमैन एसोसिएशन की बैठक

**स्योहारा ( चिंगारी )।** चेयरमैन एसोसिएशन की एक बैठक स्योहारा चेयरमैन फैसल वारसी के आवास पर रात 8 बजे आयोजित होगी। जिसमें नगरपालिका एंव नगर पंचायत के चेयरमैन हिस्सा लेगे। चेयरमैन फैसल वारसी ने बताया कि ऐसोसिएशन की बैठक में नगर निकायों के विकास को लेकर चर्चा की जाएगी। जनता की समस्याओं का कैसे समाधान हो। क्या क्या बेहतर काम विकास की दिशा में किये जाये। आपसी तालमेल बना रहे। चेयरमैन फैसल वारसी ने बताया कि समय समय पर इस तहर की बैठकों का आयोजन होता रहता है।

# शिव परिवार का स्थापना दिवस मनाया

## मंदिर में सुन्दरकांड का पाठ कराया

**धामपुर ( चिंगारी )।** मौहल्ला बाड़वान स्थित श्री शंकर मंडल मंदिर में श्री शिव परिवार स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। संगीतमय पाठ श्री ओम क्लब द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य यजमान पंकज अग्रवाल-पूजा अग्रवाल एवं संजीव अग्रवाल निक्के रहे। पूजन पंडित हिमांशु शर्मा ने कराया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में दोपहर को मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। द्वितीय चरण में शाम को विशाल अग्रवाल द्वारा संगीतमय सुंदरकाण्ड का पाठ किया गया। भजन गायकों में अमित अग्रवाल, प्रकाश सैनी, राघव अग्रवाल एवं विभोर अग्रवाल ने अपनी सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियों से बजरंगबली का गुणगान किया। कार्यक्रम में आलोक अग्रवाल पिंटू, मनोज गोयल पप्पी, डॉक्टर शानू, मुकुल अग्रवाल, शिवांश शर्मा, ज्योति अग्रवाल, आरती अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, परी गोयल आदि भक्तजन उपस्थित रहे।



# स. सतवंत सिंह सलूजा का भव्य स्वागत किया



**धामपुर ( चिंगारी )।** सिख पंथ व समाज के सेवा के लिये समर्पित सरदार सतवंत सिंह सलूजा को उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जान पर धामपुर में शानदार स्वागत किया गया। सभासद सरदार सतमीत सिंह मनी के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में पालिका सभासद सरदार जसप्रीत सिंह रॉकी, निखिल छाबड़ा सन्नी, सरदार परविंदर सिंह, सरदार सुरजीत सिंह ज्ञानी, सरदार हरभजन सिंह सलूजा, मिनिस्टर सरदार तरनप्रीत सिंह, सरदार करनदीप सिंह, माईटी सरदार सतविंदर सिंह अरोड़ा, पिंटू सरदार गगनदीप सिंह सलूजा, सरदार रिंकल सिंह, सरदार मंगू सिंह, भोला सिंह आदि ने सरदार सतवंत सिंह सलूजा को शॉल ओढ़ाकर तथा फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने कहा कि उनके जीवन का प्रमुख उद्देश्य पंथ की सेवा करते हुए सिख समाज की हर प्रकार की परेशानियों और कठिनाइयों का अधिकारियों से मिलकर प्रभावी रूप में निवारण कराया जाना रहा है और हमेशा रहेगा।

# सौ वर्ष से खपरैल की छत के नीचे होता है पशुओं का इलाज

**धामपुर ( चिंगारी )।** लगभग 100 वर्ष पूर्व से खपरैल की छत के भवन में संचालित राजकीय पशु चिकित्सालय, पशुपालकों को उनकी मूलभूत सुविधाएं देने में नाकाम साबित हो रहा है। मोहल्ला साहूवान में मनिहारो वाली मस्जिद के निकट संचालित राजकीय पशु चिकित्सालय में खपरैल का भवन बना हुआ है, जिसमें उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. एस. कोहली व स्टाफ पशुओं को देखने का कार्य करते हैं। बताया जाता है कि पशु अस्पताल में पहले पशुओं को गर्भाधान कराने के लिए सुविधा थी परंतु अब ऐसी कोई सुविधा अस्पताल में नहीं है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पी. एस. कोहली ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व राजकीय पशु चिकित्सालय की नई बिल्डिंग बनाने के लिए पशुपालन विभाग, लखनऊ को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया था, परंतु पशुपालन विभाग से बिल्डिंग का निरीक्षण करने कोई टीम नहीं आई है। उन्होंने बताया कि पशु अस्पताल का फर्श आज भी खड़ंजे का बना हुआ है, जिसमें बरसात के दौरान कीचड़ हो जाती है। प्रदेश की सरकार भले ही पशुपालकों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने का ढिंढोरा पीटे परंतु धामपुर नगर में गोवंश के रहने के लिए कोई भी गौशाला बनी हुई नहीं है जिससे गोवंश सड़कों पर भटकते हुए घूम रहे हैं। राजकीय पशु चिकित्सालय को पशुपालन विभाग ने मोबाइल वेटरी यूनिट आपके द्वार और मोबाइल पशु चिकित्सालय की वैन उपलब्ध करा रखी है। इस वैन पर कार्यरत पैरावेट यश कुमार ने बताया कि आम पशुपालकों को घर पर पशुओं का ट्रीटमेंट देने के लिए यह सुविधा प्रदेश सरकार द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि पशुपालक 1962 पर कॉल करके पशुओं की बीमारी के बारे में बता कर अवगत करा सकते हैं तो उनके पशुओं का घर बैठे इलाज हो जाएगा। उन्होंने बताया कि भैंस और गाय को देखने की फीस 5, बकरी को देखने की फीस 2 तथा कुत्ता और बिल्ली को देखने का चार्ज 10 रुपए है, जबकि दवाई नि:शुल्क दी जाएगी। यह सुविधा सुबह 10 बजे से शाम के 5 तक अल्हैपुर ब्लॉक और धामपुर नगर में उपलब्ध रहेगी।



# 5100 कलशों के साथ निकाली भव्य यात्रा

## गूंजे जय श्रीराम के उद्घोष, राममय हुआ बिजनौर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रविवार को गीता नगरी शिव मंदिर से काकरान वाटिका तक श्री राम कथा के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकली। इस ऐतिहासिक यात्रा में लगभग 5100 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। मुख्य यजमान दुष्यंत कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नूतन ने श्री राम जी का कलश व श्री रामायण जी को मस्तक पर रखकर यात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा के बाद कलश व रामायण जी को कथा स्थल काकरान वाटिका में विधिवत स्थापित किया गया। पीत और भगवा वस्त्रों में सजी महिलाओं ने पूरे नगर को भक्ति से सराबोर कर दिया। पूजनोपरांत कथा व्यास श्री योगेंद्र माधव भारद्वाज के मुखारविंद से राम कथा का शुभारंभ हुआ। पहले ही दिन हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को दिव्य बना दिया। कथा समिति ने सभी का धन्यवाद करते हुए 13 जुलाई तक चलने वाली कथा में सहभागिता की अपील की। कथा प्रतिदिन सायं 3 बजे से 6 बजे तक चलेगी।



# अकीदतमंदों का जत्था कलियर शरीफ रवाना

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम पुड्डा से सोमवार को हजरत मखदूम अलाउद्दीन अली अहमद साबिर कलियरी (रह.) की दरगाह, कलियर शरीफ के लिए दर्जनों अकीदतमंदों का जत्था पूरे उत्साह और अकीदत के साथ रवाना हुआ। रवाना होने से पहले जायरीनों ने यात्रा की सलामती के लिए दुआएं मांगीं। जायरीन कलियर शरीफ पहुंचकर दरगाह शरीफ पर सिन्नी चढ़ाएंगे, फातिहा पढ़ेंगे और नियाज तकसीम करेंगे। इस दौरान वे अपने परिवार, क्षेत्र और पूरे देश में अमन-चैन, भाईचारा, खुशहाली, तरक्की तथा इंसानियत की सलामती के लिए भी दुआ करेंगे। जायरीनों का कहना है कि कलियर शरीफ की दरगाह देश की प्रमुख सूफी दरगाहों में शामिल है, जहां हर धर्म और समुदाय के लोग अपनी मुरादों के साथ पहुंचते हैं और आपसी प्रेम, सद्भाव एवं इंसानियत का संदेश लेकर लौटते हैं। यात्रा को लेकर ग्रामीणों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। गांव के महबूब ठेकेदार ने जायरीनों की सुविधा के लिए अपने निजी वाहन से नि:शुल्क आवागमन की व्यवस्था कर सेवा और सहयोग की मिसाल पेश की। ग्रामीणों ने उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि धार्मिक यात्राओं में इस प्रकार का सहयोग सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करता है। कलियर शरीफ के लिए रवाना होने वालों में महबूब ठेकेदार, हाजी नसीर कादरी,मुस्तकीम उर्फ पप्पू, जाहिद अहमद, वसीम डेंटर, गुलमनेवर, मकसूद, रफीक अहमद, वाजिद अली, इमरान,अयान अली, लियाकत मिस्त्री,अल्फेज, अनवार अली,अबूजर सहित दर्जनों अकीदतमंद शामिल रहे।



# पौधे लगाकर उन्हें सूखने देना भ्रूण हत्या जैसा अपराध- दीपेंद्र सिंह चौहान

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम गोविंदपुर स्थित मुखिया बाग में तृतीय मुखिया बाग मैंगो महोत्सव एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। महोत्सव में साहित्य, पर्यावरण और फलोद्यान संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में क्षेत्र के साहित्यकारों, चिकित्सकों, समाजसेवियों, बागवानों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पूनम चौहान ने की तथा मुख्य अतिथि डॉ. एन.पी. सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ धामपुर के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने किया। आयोजक दीपेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि केवल पौधारोपण कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण करना उससे भी बड़ा दायित्व है। उन्होंने कहा कि यदि हमारे द्वारा लगाया गया पौधा हमारी उपेक्षा के कारण सूख जाता है तो यह एक प्रकार से भ्रूण हत्या जैसा अपराध है। मुख्य अतिथि डॉ. एन.पी. सिंह ने कहा कि फलदार वृक्ष केवल वर्तमान पीढ़ी ही नहीं, बल्कि आने वाली कई पीढ़ियों के लिए भी अमूल्य धरोहर होते हैं। एक बाग लगाने का लाभ वर्षों तक समाज को मिलता है।




**मुखिया बाग में मैंगो महोत्सव एवं काव्य गोष्ठी की आयोजित**

अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. पूनम चौहान ने कहा कि प्रकृति से जुड़ाव भारतीय संस्कृति की पहचान है। ऐसे आयोजन समाज में पर्यावरण संरक्षण, साहित्य और सामाजिक समरसता के प्रति नई चेतना उत्पन्न करते हैं। महोत्सव के दौरान उपस्थित लोगों को दशहरी, लंगड़ा, चौसा, कलमी तथा देसी आम सहित विभिन्न प्रजातियों की विशेषताओं तथा उनकी खेती और आर्थिक महत्व की जानकारी दी गई। आयोजन का मुख्य आकर्षण काव्य गोष्ठी रही। डॉ. पूनम चौहान, नरेंद्र जीत अनाम, डॉ. अनिल शर्मा अनिल, राजकुमार वर्मा तथा डॉ. सुरेंद्र सिंह राजपूत ने हास्य, व्यंग्य, ओज और प्रकृति पर आधारित रचनाओं का प्रभावशाली पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के उपरांत सभी अतिथियों ने मुखिया बाग में तैयार विभिन्न प्रजातियों के रसीले आमों का स्वाद लिया तथा पारंपरिक ग्रामीण आतिथ्य के तहत गाय के गर्म दूध के साथ आम का आनंद लिया।

### इनकी उपस्थिति उल्लेखनीय रही

इस अवसर पर डॉ. रवेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह चौहान, धनंजय सिंह, डॉ. नागेंद्र शेखावत, श्याम सिंह चौहान, इंजीनियर डी.बी. सिंह, डॉ. आर.के. चौहान, नागेश्वर दयाल गहलोत, विजयपाल सिंह, अशोक प्रताप सिंह, टीकम सिंह फौजी, वीरेंद्र सिंह, डॉ. हरिकांत सुमन, कुंवर आशीष राजपूत, अरविंद वत्स, प्रीतम सिंह, मनोज कुमार (आर्किटेक्ट), रोमियो मयूर, सरदार मनजीत सिंह सलूजा, जयवीर सिंह (अधिवक्ता), ठाकुर रविकांत, पंकज चौहान, कपिल कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।


# नगीना के व्यक्ति का शव हरथला में मिला

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना के आज़ाद कॉलोनी निवासी व्यापारी विपिन ठाकुर उर्फ बबलू(55 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक का शव शनिवार की रात्रि मुरादाबाद के हरथला में रेल की पटरियों के पास पड़ा मिला है। मृतक के पुत्र दिव्यांश उर्फ दीपू ने बताया कि रात करीब नौ बजे उन्हें एक परिचित ने फोन कर बताया कि तुम्हारे पिता मृत अवस्था में मुरादाबाद के हरथला में हड्डी फैक्ट्री के पास रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में पड़े हुए हैं। सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। बताया कि उसके पिता हरिद्वार में कपड़ों की छोटी सी दुकान चलाते थे। शाम भी वह हरिद्वार जाने के लिए घर से निकले थे और अपना मोबाइल घर ही छोड़ गए थे। उसका कहना है कि मौत के कारणों का अभी कुछ पता नहीं चल सका है। आखिर वह मुरादाबाद क्यों और कैसे पहुंच गए इस बारे में भी अभी स्थिति साफ़ नहीं हो पा रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी तथा विवाहित पुत्री व विवाहित पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# 8 जुलाई को नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव बिजनौर पहुंचेगे

## सपा कार्यकर्ता स्वागत करेंगे

**बिजनौर ( चिंगारी )। समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता कार्यालय प्रभारी अख़लाक़ पप्पू ने बताया कि 8 जुलाई को नेता प्रतिपक्ष उत्तर प्रदेश विधान परिषद लाल बिहारी यादव बिजनौर पहुंचेंगे। जिलाध्यक्ष हनी फैसल के नेतृत्व में उनका मुख्यालय पर जोरदार स्वागत किया जाएगा तथा 11 बजे राज मिलन बैंकट हॉल में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की बैठक शिक्षक खण्ड एमएलसी चुनाव के सम्बन्ध में लेंगे एवं कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे।**



# देवभूमि से शिवधाम की पावन यात्रा : श्रद्धा, संस्कृति और आतिथ्य का अद्भुत संगम

## कैलाश मानसरोवर यात्रा का शुभारंभ : मुख्यमंत्री धामी ने प्रथम दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




**नैनीताल ( चिंगारी )।** उत्तराखंड से संचालित पावन कैलाश मानसरोवर यात्रा का शुभारंभ रविवार को टनकपुर से हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शारदा पर्यटक आवास गृह से कैलाश मानसरोवर यात्रा के प्रथम दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सभी श्रद्धालुओं की मंगलमय एवं सफल यात्रा की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री का पारंपरिक छोलिया नृत्य से स्वागत किया गया तथा पुलिस द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं का रुद्राक्ष की माला एवं भगवान शिव का पटका पहनाकर स्वागत किया और उनसे आत्मीय संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से ही किसी श्रद्धालु को इस पवित्र यात्रा का अवसर प्राप्त होता है। यात्रा के दौरान आने वाली प्रत्येक चुनौती का सामना श्रद्धा और धैर्य के साथ करना चाहिए, क्योंकि शिव में अटूट विश्वास ही सभी कठिनाइयों को सरल बना देता है।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भी राज्य सरकार द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना की। सातवीं बार कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे श्रद्धालु अनिल कुमार जैन सहित अन्य सभी यात्रियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए बेहतर प्रबंध किए गए हैं। शनिवार सायंकाल टनकपुर पहुंचे प्रथम दल का देवभूमि की परंपरा के अनुरूप छोलिया नृत्य, पुष्पवर्षा, फूल-मालाओं एवं भव्य स्वागत के साथ अभिनंदन किया गया। श्रद्धालुओं के लिए सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति एवं लोक कलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। शारदा पर्यटक आवास गृह के प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि प्रथम दल में चिकित्सक सहित कुल 49 तीर्थयात्री शामिल हैं, जिनमें 34 पुरुष एवं 15 महिला श्रद्धालु हैं। दल में आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के श्रद्धालु सम्मिलित हैं, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता एवं राष्ट्रीय एकता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

## हाईवे पर चलती कार में अचानक आग लगी



**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** नजीबाबाद-हरिद्वार हाईवे पर रविवार को रसियाबड़ के समीप एक चलती हुई कार में अचानक आग लग गई। कार चलते समय अचानक वाहन के बोनट से धुआँ निकलने पर चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन को सड़क किनारे रोक दिया और बाहर निकल गया। वाहन में चालक अकेला था। चालक के बाहर निकलते ही कुछ ही क्षणों में आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते कार से आग की लपटें निकलने लगी कार पूरी तरह से जलकर हाईवे पर क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर कोतवाली श्यामपुर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर हाईवे पर यातायात को नियंत्रित किया एवं कार में लगी आपको बुझाने का प्रयास किया। पुलिस ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूर्ण रूप से काबू पाया। कोतवाली श्यामपुर प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण वाहन में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि वाहन आग से क्षतिग्रस्त हो गया।

## 4 अगस्त को मनाया जायेगा आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति की समिति कार्यालय में आयोजित बैठक में योग दिवस कार्यक्रम के सफल संचालन के सभी योग साधकों को बधाई दी गई, साथ ही आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस 4 अगस्त को नि:शुल्क जड़ी बूटी वितरण का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समिति की ओर से कई स्थानों पर योग कक्षाएं चलाई जा रही हैं, जिसका स्थानीय लोगों को लाभ मिल रहा है। मौके पर योग कक्षा के सफल संचालन के लिए पिंकी पोखरियाल, रोशनी देवी, दमयंती नौटियाल और सुशील चौहान को सम्मानित किया गया। मौके पर आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस पर निशुल्क जड़ी बूटी वितरण करने का भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर न्यास के जिला प्रभारी दिनेश जुयाल,बीना रावत, यशोदा गोसाई, सुनीता बिष्ट, निर्मला तिवारी, सुनीता रावत और सुनेना राय आदि मौजूद रहे।

## राजकीय विद्यालय को क्लस्टर विद्यालय में समायोजन का विरोध

### ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विकासखंड दुगड्डा के आमसौड़ गांव के ग्रामीणों ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को क्लस्टर विद्यालय में समायोजित करने के शिक्षा विभाग के आदेश का कड़ा विरोध किया है। ग्रामीणों ने अपने 51 बच्चों को क्लस्टर विद्यालय दुगड्डा न भेजने का निर्णय लिया है। विद्यालय समायोजन के फैसले को निरस्त करने की मांग करते हुए अभिभावकों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्य शिक्षा अधिकारी पौड़ी ने 01 जुलाई 2026 को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमसौड़ को राजकीय इंटर कॉलेज दुगड्डा में समायोजित करने का निर्देश जारी किया था। पूर्व में वर्ष 2025 में भी इस तरह के प्रयास का ग्रामीणों ने विरोध किया था। ग्रामीणों का कहना है कि छात्र पहले ही चार से पांच किलोमीटर पैदल चलकर विद्यालय आते हैं। लंबे संघर्षों के बाद आमसौड़ विद्यालय का उच्चीकरण हुआ है। विद्यालय समायोजित होने से विद्यार्थियों की समस्याएं व चुनौतियां और भी बढ़ जाएंगी। यह विद्यालय आमसौड़ समेत आठ गांवों के विद्यार्थियों की शिक्षा का एकमात्र केंद्र है। बच्चों को दुगड्डा भेजने पर उनकी चिंताएं और भी बढ़ जायेंगी, इसलिए वे अपने बच्चों को वहां नहीं भेजेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में क्षेत्र पंचायत सदस्य अंजू देवी, अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, आमसौड़ की ग्राम प्रधान रेशमा, किरन, सरिता, ममता, कुंदन सिंह और प्रेम सिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## ढाबों पर बस-यात्रियों की होती है 'लुटाई' परिवहन निगम करें उनके खिलाफ कार्रवाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों के निर्धारित पड़ावों पर संचालित ढाबों में मनमानी वसूली, साफ-सफाई की कमी और अन्य अव्यवस्थाओं का आरोप लगाते हुए सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है। समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने बताया कि परिवहन निगम की बसें जिन अधिकृत ढाबों पर रुकती हैं, वहां यात्रियों से खाद्य एवं पेय पदार्थों के मनमाने दाम वसूले जाते हैं। अधिकांश ढाबों के बाहर मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं होती, जिससे यात्रियों को निर्धारित कीमतों की जानकारी नहीं मिल पाती और उनसे अधिक राशि वसूली जाती है। उन्होंने कहा कि कई ढाबों में शौचालयों की स्थिति भी बेहद खराब है। साफ-सफाई के अभाव में यात्रियों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। उनका कहना था कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना परिवहन व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन इस ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। समिति ने मांग की कि उत्तराखंड परिवहन निगम के सभी अधिकृत पड़ावों का संभागीय परिवहन अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जाना चाहिए। साथ ही सभी ढाबों पर खाद्य एवं पेय पदार्थों की मूल्य सूची बड़े अक्षरों में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित कराई जानी चाहिए जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले ढाबों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस निरस्त किए जाने चाहिए। बताया कि इस संबंध में वे मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर चुके हैं।

## सुरेन्द्र नेगी ने पुरी व कोणार्क मंदिर की सपत्नीक यात्रा की

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी एवं कोटद्वार नगर निगम की प्रथम महापौर हेमलता नेगी ने ओडिशा के पवित्र जगन्नाथ पुरी धाम के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत उन्होंने विश्व धरोहर कोणार्क सूर्य मंदिर में भी दर्शन कर भगवान सूर्य नारायण का आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर उन्होंने समस्त देशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री जगन्नाथ पुरी धाम सनातन धर्म के चार पवित्र धामों में से एक है, वहीं कोणार्क सूर्य मंदिर अपनी अद्भुत स्थाकार वास्तुकला, उत्कृष्ट शिल्पकला एवं भारतीय सांस्कृतिक विरासत के अनुपम वैभव के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है और यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में भी शामिल है। कहा कि दोनों पावन स्थानों के दर्शन कर उन्हें असीम शांति की अनुभूति हुई है।



रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# लाखों लोग शामिल हुये नमाज-ए-जनाजा में



ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की नमाज-ए-जनाजा रविवार को राजधानी तेहरान स्थित इमाम खुमैनी मुसल्ला मस्जिद में अदा की गयी। इस दौरान लाखों लोग उनके जनाजे में शामिल हुए। जनाजे में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही मस्जिद परिसर पहुंचने लगे थे। अनेक लोग ईरानी राष्ट्रीय ध्वज लेकर समारोह में शामिल हुए। नमाज-ए-जनाजा का नेतृत्व आयतुल्ला जाफर सुबहानी ने किया। समारोह में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, वरिष्ठ सैन्य एवं राजनीतिक अधिकारी तथा प्रमुख धार्मिक नेता भी मौजूद रहे।

## 10 घंटे तक चलेगा 10 किमी का जुलूस

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा आज सुबह तेहरान में शुरू हो गई है। अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए सुबह से ही लाखों लोग सड़कों पर जुट गए। खामेनेई का पार्थिव शरीर ग्रैंड मोसल्ला से अंतिम यात्रा के लिए रवाना किया गया। यह यात्रा करीब 10 किलोमीटर लंबे रूट से होकर गुजरेगी और इसके 10 से 12 घंटे तक चलने का अनुमान है। अंतिम यात्रा के बाद खामेनेई के पार्थिव शरीर को आगे की धार्मिक रस्मों के लिए कोम ले जाया जाएगा। पूरे मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और बड़ी संख्या में सरकारी अधिकारी, धार्मिक नेता और सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी यात्रा में शामिल हैं।


श्री विदुर गुरू गृह इंटर कालिज
दारानगर-विदुर कुटी ( बिजनौर ) उ.प्र.
-: अध्यापकों की आवश्यकता :-
श्री विदुर गुरू गृह इण्टर कॉलेज, दारानगर विदुरकुटी बिजनौर में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान के योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ दिनांक 10.07.2026 को प्रात: 9.00 बजे विद्यालय प्रांगण में उपस्थित हों।
प्रधानाचार्य मो. 9410460760
प्रबंधक मो. 9456210395

RVIT leading RVITians...
17 YEARS OF QUALITY EDUCATION
ADMISSIONS OPEN 2026
ENGINEERING • PHARMACY MANAGEMENT
2200+ PLACEMENTS IN 17 YEARS | 990+ WORKSHOP TOURS | 85% PLACEMENTS IN 2025-26
MILESTONES Excellence Awards Year After Year.
B.TECH. ME, CE, CSE, AIML, EE, ECE
POLYTECHNIC ME, ELECTRONICS, CE
D. PHARM DIPLOMA IN PHARMACY
B. PHARM BACHELOR OF PHARMACY
BBA BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
BCA BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS
ONE OF THE LEADING ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT COLLEGE
9756 201 670
9756 201 671
www.rvit.ac.in
info@rvit.ac.in
R V INSTITUTE OF TECHNOLOGY
R V INSTITUTE OF PHARMACY
Bijnor Moradabad Road, Bijnor.

DISTANCE AND ONLINE COURSES
MBA MCA M LIB
MA (JMC) M.Sc
BBA BCA B LIB
BA (JMC) B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS 9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria Exclusive Showroom
Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर